संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -77 बुधवार, 17 जनवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अयोध्या पर मंडराया लाल आतंक का साया!

**» कमांडो की शेरनियां करेंगीं राममंदिर की रक्षा**


**» एके-47 और एमपी-5 जैसे हथियार चलाने में माहिर,पलक झपकते ही दुश्मन को धूल चटाने की हिम्मत**

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले बड़े हमले की साजिश रच रहे आतंकवादी



**अयोध्या, 16 जनवरी 2024 (ए)।** इस वक्त पूरा देश अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों में लगा हुआ है। इसी बीच खुफिया एजेंसियों ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले आतंकी हमले की साजिश को लेकर अलर्ट किया है।खुफिया एजेंसियों की तरफ से जारी अलर्ट में बताया गया है कि आतंकवादी फर्जी पास और सरकारी वर्दी का सहारा लेकर आतंकी साजिश को अंजाम दे सकते हैं।इस खुफिया अलर्ट के मद्देनजर अयोध्या से 100 किलोमीटर के दायरे में सुल्तानपुर बाराबंकी और गोंडा तक शिकंजा कस दिया गया है। उधर दिल्ली और आसपास के जितने भी गेस्ट हाउस होटल हैं, वहां पर पुलिस और खुफिया एजेंसियों की जांच लगातार चल रही है, जिससे कोई संदेहास्पद व्यक्ति वहां ठहर न सके या कोई संदेहास्पद सामान वहां रखा ना जा सके।साथ ही बता दें रामलला की नई मूर्ति की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसके लिए आज मंगलवार 16 जनवरी से अनुष्ठान शुरू कर दिए गए हैं।

कोमल है कमजोर नहीं तू शक्ति का नाम ही नारी है। महिलाओं की ऐसी ही सबल छवि लेकर गृहस्थी के साथ-साथ रामलला की सुरक्षा संभालने एटीएस की महिला कमांडो रामनगरी पहुंची हैं।
पलक झपकते ही दुश्मन को धूल चटाने की हिम्मत रखने वाली यह शेरनियां उस आतंकवाद निरोधक दस्ते का हिस्सा है, जो प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दृष्टिगत रामनगरी भेजा गया है। रामलला की सुरक्षा में मातृ शक्ति की भागीदारी सीआरपीएफ पहले से ही सुनिश्चित करा रही है।



### महिला कमांडो टीम ने संभाला मोर्चा

रामजन्मभूमि की सुरक्षा में सीआरपीएफ की महिला कमांडो टीम भी मोर्चा संभाले है। इनमें ऐसी भी महिला कमांडो हैं, जो अपने परिवार को भी संरक्षित कर रही हैं। सुरक्षा कारणों से इनके नाम और पते का उल्लेख तो नहीं किया जा सकता है, लेकिन राम मंदिर सहित रामनगरी के अन्य प्रमुख मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों पर इनकी उपस्थिति से सुरक्षित होने का आभास स्वतः होता है।

### एनएसजी से ली है ट्रेनिंग

रामनगरी पहुंची एटीएस की महिला कमांडो को एनएसजी व एटीएस से ट्रेनिंग मिलने के बाद टीम में जगह मिली है। एके-47 और एमपी-फाइव जैसे आधुनिक हथियार चलाने में सक्षम हैं। इन्हें नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) से ट्रेनिंग प्राप्त है।

### बिना हथियार भी ले सकती है मोर्चा

हथियार के साथ-साथ ये महिला कमांडो शस्त्र रहित होने पर भी दुश्मन को धराशायी करने में सक्षम हैं। रामलला की सुरक्षा के लिए यह कमांडो दस्ता सुबह ही रामनगरी पहुंच जाता है और अपनी टीम लीडर के साथ मोर्चे पर डट जाता है।
अभी महिला कमांडो की टीम में और भी वृद्धि की जाएगी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कमांडो टीम की महिलाएं हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। रामनगरी में तैनात प्रत्येक सुरक्षा एजेंसी का सदस्य निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है।

## पीएम मोदी नहीं होंगे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान




### इस दंपत्ति पर टिकीं सबकी निगाहें

**अयोध्या, 16 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामभक्तों में उत्साह है। इस उत्साह के बीच कार्यक्रम के संबंध में जो जानकारियां सामने आई हैं उनमें से एक यह है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान कौन हैं। अभी ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि पीएम नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मुख्य यजमान हो सकते हैं,लेकिन अब जानकारी सामने आ रही है कि पीएम मोदी मुख्य यजमान नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,डॉ. अनिल मिश्रा और उनकी पत्नी संकल्प,प्रायश्चित और गणेश पूजा कर 7 दिनों तक बतौर मुख्य यजमान अपने दायित्वों को पूरा करेंगे और भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा में भी मौजूद रहेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य यजमान गृहस्थ ही हो सकते हैं। इसको देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि पीएम मोदी को प्रतीकात्मक यजमान मानने से गुरेज भी नहीं कर रहे हैं। उधर, अनिल मिश्रा की तरफ से बताया जा रहा है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपफेक मामले में मोदी सरकार लाने जा रही कड़े प्रावधान




**नई दिल्ली, 16 जनवरी 2024 (ए)।** डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इस संबंध में बैठकें हो चुकी हैं और सख्त कदम उठाने की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज यानी, 16 जनवरी को बताया कि उन्होंने डीपफेक पर 2 बैठकें कीं। नए आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफेक को लेकर बड़े प्रावधान हैं। सभी के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। 7-8 दिनों में नए आईटी नियम नोटिफाई किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक पर सलाह के अनुपालन को प्लेटफार्मों से मिश्रित किया गया है और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए अगले 7 दिनों में सख्त आईटी नियमों को अधिसूचित किया जाएगा।

### ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की जीत



**वाराणसी, 16 जनवरी 2024 (ए)।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सील एरिया में सफाई की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के सील एरिया को खुलवाकर तत्काल सफाई की मांग की याचिका दायर की थी। हिंदू पक्ष की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और सफाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की देखरेख में सफाई की इजाजत दी है।

## वाई एस शर्मिला रेड्डी को आंध्र की कमान

### पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया

**नई दिल्ली, 16 जनवरी 2024 (ए)।** लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को हाल ही लगातार दो बड़े झटके लगे। पहले, कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने साथ छोड़ा। फिर, आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से गिदुगु रुद्र राजू ने इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अब कांग्रेस पार्टी ने आंध्र प्रदेश में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने वाई एस शर्मिला रेड्डी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें, शर्मिला सीएम जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं।



वाईएस शर्मिला इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस में शामिल हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा था। पार्टी ने बताया, 'कांग्रेस अध्यक्ष ने वाईएस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, राजू को कांग्रेस कार्यसमिति का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।'

### पहले से तय था अध्यक्ष बनना

पहले से ही ये कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस शर्मिला को आंध्र प्रदेश की कमान सौंप सकती है। दरअसल, आंध्र प्रदेश के कांग्रेस तत्कालीन अध्यक्ष राजू ने 15 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ये इस्तीफा आलाकमान के इशारे पर हुआ था। पार्टी ने पहले ही शर्मिला की ताजपोशी की स्क्रिप्ट लिख ली थी।

### खड़गे से की मुलाकात

आंध्र प्रदेश में कांग्रेस नेताओं को पिछले साल नवंबर में तेलंगाना विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद राज्य में पार्टी की संभावनाओं की उम्मीद है। कांग्रेस ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को सत्ता से बेदखल कर दिया। आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होंगे, जो इस साल अप्रैल-मई में संभावित हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद शर्मिला ने पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की।

## अब सोरेन ने ईडी को दिया आमंत्रण

### कहा-20 जनवरी को सीएम हाउस आकर दर्ज कर लें मेरा बयान...!




**रांची, 16 जनवरी 2024 (ए)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र लिखकर कहा है कि एजेंसी उनसे 20 जनवरी की दोपहर कांके रोड स्थित सीएम हाउस में आकर उनका बयान दर्ज कर ले। दरअसल, रांची के बड़गांई अंचल में जमीन घोटाले की जांच कर रहे ईडी ने सीएम सोरेन को आठवीं बार समन भेजकर 16 से 20 जनवरी के बीच हाजिर होने को कहा था। एजेंसी ने उन्हें कहा था कि वे दो दिनों के भीतर बयान दर्ज कराने के लिए समय और जगह निश्चित कर सूचित करें।

### ईडी ने विधि-व्यवस्था को लेकर जताई थी आशंका

ईडी ने सोरेन से कहा था कि अगर 16 से 20 जनवरी के बीच वे एजेंसी के समक्ष हाजिर नहीं होते हैं तो उसे खुद उनके पास आना पड़ेगा। ईडी ने कहा कि ऐसी स्थिति में विधि-व्यवस्था को लेकर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। यह आपकी जिम्मेदारी होगी और इसलिए विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आप राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को उचित निर्देश दे दें।

### ईडी के दफ्तर भेजा संदेशवाहक को

इस बीच सीएम सचिवालय का एक संदेशवाहक सीलबंद लिफाफे में सीएम का पत्र लेकर रांची में एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल दफ्तर पहुंचा। इसमें सीएम ने 20 जनवरी को बयान दर्ज करने के लिए ईडी को सीएम हाउस आने को कहा है।

### अब क्या है मामला

रांची के बड़गाई अंचल की जमीन से जुड़े सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ और जालसाजी के मामले की जांच के सिलसिले में ईडी सीएम हेमंत सोरेन का बयान दर्ज करना चाहती है। इस मामले में आईएएस छवि रंजन सहित डेढ़ दर्जन लोगों को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब वह इस प्रकरण में हेमंत सोरेन की भूमिका के बारे में उनसे कई बिंदुओं पर पूछताछ करना चाहती है।
इसके लिए उन्हें पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर, 4 अक्टूबर, 12 दिसंबर और 30 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच उपस्थित होने के लिए समन भेजा गया। आठवीं बार पत्र भेजने के बाद सोरेन ने अपनी सहमति जताई है, वह भी सीएम हाउस में पूछताछ के लिए।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक पॉलिटिकल इवेंट



### कांग्रेस नहीं होगी शामिल : राहुल गांधी

**कोहिमा, 16 जनवरी 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक चुनावी और राजनीतिक समारोह है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है।
भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है।उन्होंने कहा, हमारे (कांग्रेस) लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे (भाजपा) धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं।उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है।

## ईडी ने तृणमूल नेता के दफ्तर पर छापेमारी के दौरान बांग्लादेशी मुद्रा की बरामद



**कोलकाता, 16 जनवरी 2024 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या से जुड़ी एक विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन इकाई से भारी मात्रा में बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की है। आध्या फिलहाल पश्चिम बंगाल में राशन वितरण मामले में कथित संलिप्तता को लेकर ईडी की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में स्थित उस कार्यालय से कुल 6,00,000 बांग्लादेशी टका बरामद किए गए, जिनकी भारतीय मुद्रा में कीमत 4,50,000 रुपये से कुछ अधिक होगी।सूत्रों ने आगे कहा कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों का मानना है कि इस बरामद मुद्रा का राशन वितरण मामले की आय से कुछ तो संबंध है। बरामद की गई इस विदेशी मुद्रा के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। ईडी की अलग-अलग टीमों ने कोलकाता में कई जगहों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिनमें से ज्यादातर विदेशी मुद्रा विनिमय कारोबार करने वाली संस्थाओं के कार्यालय हैं, जिनका किसी न किसी तरह से आध्या से संबंध है।



## राजस्थान जल जीवन मिशन घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

### पूर्व मंत्री महेश जोशी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी

**जयपुर, 16 जनवरी 2024 (ए)।** जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर राजस्थान में पूर्व मंत्री महेश जोशी और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। जल जीवन मिशन के तहत राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। राजस्थान सरकार ने इस योजना के लिए हजारों करोड़ रुपये भी दिए, लेकिन हर घर नल पहुंचाने में सबसे फिसड्डी साबित हुई। आरोप है कि इस योजना के नाम पर भी हजारों करोड़ का घोटाला किया गया। इसके लिए नियम कायदे और कानून को तोड़कर गणपति ट्यूबबेल कंपनी और श्री श्याम ट्यूबल कंपनी शाहपुरा को ठेका भी दिया गया। इन दोनों कंपनियों ने 1000 करोड़ रुपये का घोटाला किया। जानकारी के अनुसार गणपति कंपनी ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर 2 साल में 900 करोड़ के वर्क आर्डर लिए। घोटाले में पीएचईडी के कई अधिकारी शामिल रहे। घोटाले के बारे में किसी को पता ना चल सके इसके लिए ई-मेल आईडी और प्रमाण पत्र भी फर्जी बनाए गए हैं। भारत सरकार के उपक्रम इरकॉन के नाम पर फर्जी लेटर हेड पर राजस्थान सरकार ने वर्क ऑर्डर जारी कर दी। इस मामले में 20, 000 करोड़ का मोटा-मोटा खेल हुआ है।

## नौकरी के बदले रात बिताने की मांग करने वाला अफसर खुद हो गया बेरोजगार

### बर्खास्तगी के बाद अब पुलिस ने कसा शिकंजा

**भोपाल, 16 जनवरी 2024 (ए)।** ग्वालियर में बीज विकास निगम के अफसर ने इंटरव्यू लेने के दौरान महिला अभ्यर्थियों से नौकरी के बदले सेक्स की मांग की थी। उन्हें मैसेज भेजकर एक रात बिताने के बदले में नौकरी की गारंटी दी थी। अभ्यर्थियों की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई हुई है। मीडिया में खबरें आने के बाद मोहन सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। देर रात संविदा पर बहाल अफसर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

### शिकायत सही पाए जाने पर हुई कार्रवाई

मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम ने सोमवार की रात संविदा पर काम कर रहे कृषि उत्पादन अधिकारी संजीव कुमार तंतुवाय की सेवाएं समाप्त कर दीं। यह कार्रवाई इसलिए की गयी है क्योंकि उनके खिलाफ आरोप सही पाए गए हैं। बर्खास्तगी आदेश के अनुसार, निगम में एक पद के लिए तीन जनवरी को साक्षात्कार लेने के बाद आरोपी ने एक महिला उम्मीदवार को व्हाट्सएप पर संदेश भेजे, जिसमें उसने नौकरी के बदले में उससे यौन संबंध बनाने की मांग की थी।



बर्खास्तगी आदेश में कहा गया है कि आरोपी ने महिला से फोन पर भी बात की और यौन संबंध बनाने की मांग की। इसमें कहा गया है कि आरोप सही पाए जाने पर तंतुवाय की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गयी है।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

दरअसल, आरोपी अधिकारी ने मौखिक के साथ-साथ अभ्यर्थियों को व्हाट्सएप पर भी मैसेज भेजे थे। पीड़ितों ने इसे लेकर क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी अफसर को सिवनी से गिरफ्तार किया। इस दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। उसने माना था कि छात्राओं को उसने अश्लील मैसेज भेजे हैं। ग्वालियर पुलिस की अपराध शाखा द्वारा अधिकारी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354-ए (शारीरिक संपर्क, यौन संबंधों की मांग सहित अवांछित यौन व्यवहार) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संपादकीय

# इंडिया को बिगाड़ने का नीतिश का खेला

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की वर्चुअल बैठक शुक्रवार को तय हुई। शनिवार को बैठक रखी गई थी और शुक्रवार शाम तक सभी विपक्षी पार्टियों को इसकी सूचना दी गई। साथ ही एजेंडा भी बता दिया गया। तय एजेंडे के मुताबिक बैठक में गठबंधन के संयोजक और अध्यक्ष पद पर चर्चा होनी थी। यह संकेत भी दे दिया गया कि नीतीश कुमार को संयोजक और मल्लिकार्जुन खड़गे को अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद सब कुछ तय दिख रहा था। तभी शनिवार की सुबह नीतीश कुमार की पार्टी के बड़े नेताओं ने मीडिया के चुनिंदा लोगों को खबर दी कि नीतीश कुमार संयोजक बनने जा रहे हैं। सवाल है कि सुबह आठ बजे से 12 बजे के बीच ऐसा क्या हुआ कि नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से मना कर दिया?

बड़ा सवाल यह भी है कि 'इंडिया' के अंदर जो एक दबाव समूह है उसने कोई खेल किया या नीतीश की पार्टी कोई खेल कर रही है? ध्यान रहे नीतीश की पार्टी की ओर से मीडिया में खबर दी गई थी कि नीतीश संयोजक बन रहे हैं और जब मीडिया में खबर खूब चल गई तो नीतीश कुमार ने प्रस्ताव ठुकरा दिया। इससे ऐसा लग रहा है कि नीतीश की पार्टी ने सोच समझ कर यह दांव चला है। पहले मीडिया में खबर चलवाई गई कि आखिरकार 'इंडिया' ब्लॉक ने नीतीश का महत्व समझा और उनको संयोजक बनाया जा रहा है। इससे नीतीश का महत्व बढ़ा। भाजपा को जवाब मिला, जिसके नेता कह रहे थे कि विपक्षी गठबंधन में नीतीश को कोई पूछ नहीं रहा है। फिर नीतीश ने प्रस्ताव ठुकराया ताकि यह मैसेज जाए कि वे विपक्षी गठबंधन के नेताओं से नाराज हैं।

नाराजगी का कारण यह बताया जा रहा है कि कोई सात महीने पहले नीतीश कुमार ने पहल करके सभी पार्टियों को एकजुट किया था तभी उनको संयोजक क्यों नहीं बना दिया गया? गौरतलब है कि बेंगलुरू की बैठक के बाद भी नीतीश के नाराज होने की खबर आई थी। नाराजगी का दूसरा कारण यह है कि नीतीश के बारे में मीडिया के सवाल पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कह दिया था कि यह केबीसी की तरह का सवाल है। उन्होंने 10 से 15 दिन में कोई फैसला होने की बात कही थी, जिस पर जदयू नेता केसी त्यागी ने नाराजगी जताई थी। नाराजगी का तीसरा कारण यह है कि कांग्रेस ने नीतीश के नाम पर सहमति बनाने की कोशिश नहीं की तभी ममता बनर्जी ने उनके नाम का विरोध किया।

अपनी नाराजगी जाहिर करने और अपना कद बढ़ाने के लिए नीतीश कोई खेल कर रहे हैं यह बात विपक्षी नेताओं को तब समझ में आई, जब संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रस्ताव ठुकरा दिया है। इसके बाद शरद पवार ने पुणे में मीडिया को बताया कि नीतीश के नाम का प्रस्ताव आया था लेकिन सबके बीच यह सहमति बनी कि संयोजक की जरुरत नहीं है। पवार ने इस पूरे मामले को दूसरा रूप दिया। उन्होंने नहीं कहा कि नीतीश को प्रस्ताव दिया गया और उन्होंने ठुकरा दिया। इसके उलट उन्होंने कहा कि संयोजक पद की जरुरत नहीं समझी गई। लेकिन नीतीश अपना खेल कर चुके हैं। उन्होंने 'इंडिया' ब्लॉक पर दबाव बना दिया है तो साथ ही भाजपा को भी दरवाजा खुला होने का मैसेज दे दिया है।

# अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठ देश को विश्व गुरु बनाएगी



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़,

**अयोध्या** में पौष शुक्ल,द्वादशी, विक्रम संवत 2080,सोमवार 22 जनवरी 24 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि बन रहे नवीन मंदिर भूतल के घर में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस महान शुभ अवसर पर पूरे देश में आनंद का वातावरण रहेगा और देश के निवासी इस प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन,आरती, शंखनाद तथा अपने-अपने निवास पर सहस्त्रदीप प्रज्वलित करेंगे। यह अभूतपूर्व दीपोत्सव होगा। पूरा देश प्रभु राम के उच्चारण से गुंजायमान होगा।

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आ ा ध्या ा ि त म क , सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा,सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता,शक्ति,ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## चाह रखता है

जो मन तन्हा है वो
साथ पाने की
चाह रखता है
जो दिल सूना है वो प्यार पाने की
चाह रखता है
जो रिश्ता कोई टूट
गया तो वो उसे जोड़ने की
चाह रखता है
जो कोई रूठ गया तो
वो उसे मनाने की
चाह रखता है
जो कोई बिछड़ गया
तो वो उसे पाने की
चाह रखता है
जो तन बीमार है वो
निरोगी होने की
चाह रखता है
जो मन ईश्वर में रमा हो
वो उसे पाने की चाह रखता है
जो हार रहा हो वो
जीत की चाह रखता है
जो दुःखों से घिरा हो
वो सुखों की चाह रखता है
जो चल नहीं सकता वो
चलने की चाह रखता है
जो बोल नहीं सकता वो
बोलने की चाह रखता है
जो सुन नहीं सकता वो
सुनने की चाह रखता है
जो दिल साथ छोड़ रहा
वो उसके धड़कने की चाह रखता है
जो साँसें उखड़ रहीं हो
वो उन साँसों के साथ की
चाह रखता है
इस तरह जब तक जीवन है
हर कोई किसी न किसी चीज़
की चाह रखता है...यही तो
आस और विश्वास की वो डोर है जो
मन,तन,
धड़कन, सांसों को बांधे रखती है
टूटने,हारने,बिखरने से।।



.मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मन की बातें अपने दिल से

नजरों का धोखा है
मेरे या मेरे मन का भ्रम,
कस्तूरी ढूंढे वन-वन
हिरण,ये कैसा? वहम
सुगन्धित कस्तूरी
भ्रमित करे मृग का मन,
जबकि वो तो स्थिर है
नाभि में मृग के तन
मृग भांति भटक रहा
मेरा भी ये पागल मन,
ह्रदय में बसा प्रेम
पर ढूंढ रहा घर,गली,उपवन
लोगों से सुना है
पेड़ो पे नाम लिखें होते है,
उस प्रेम निशानी को ढूँढू
पर्वत,पहाड़,कानन
वक्त गुजरता है यादें धुंधली
हो जाती हैं शायद,
इसी चाह में मैंने भी
कितने लम्हें गुजार देखा है
आईना सुंदरता दिखाती है
अपने परछाई की,
पर आईनें में खुद को
मैंने हमेशा बीमार देखा है
मजमा बहुत था आस-पास
पर कोई अपना नहीं,
गम तन्हाई का मैंने
हँसते-हँसते सहके देखा है
चेहरे पे हसीं का
मुखौटा लगाकर भी तन्हा रहे,
अपने मन की बातें
अपने दिल से करके देखा है
सारी हसरतें सारे आरजू
तुम्हारी पूरी करते गये,
फिर भी जाने क्यों?
तुम्हारी नजरों का अनदेखा है,
मोम सा जलाकर
पिघला ना दूँ तुझे तो कहना,
मैंने अक्सर पत्थरों को भी
टूटकर बिखरते देखा है
एक मैं हूँ जो तेरी मोहब्बत को
सिने से लगा रखा,
यहाँ तो पल में लोगों को
लिबास बदलते देखा है
किस से शिकायत करूँ
किसे हौले दिल सुनाऊँ,
अपने मन की बातें
अपने दिल से करके देखा है



नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना


## बोध



सुभाष बुड़ावन वाला,
रतलाम
,मध्यप्रदेश

गुरजिएफ के पास लोग जाते थे, तो गुरजिएफ कहता, 'कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? निकालो।' बस, इतने में ही उपद्रव हो जाता। क्योंकि पैसे पर हमारी इतनी पकड़ है! तो गुरजिएफ कहता, 'पहले रुपये निकालकर रख दो।' हम सोचते हैं, 'संत और कैसा रुपया?'

गुरजिएफ पहले पैसा मांगता। एक सवाल का जवाब देता तो कहता, सौ रुपये। बहुत लोग भाग जाते, क्योंकि संतों से हमने मुफ्त पाने की आदत बना ली है। लेकिन मुफ्त तुम्हें वही मिलेगा, जो मुफ्त के योग्य था। असली पाना हो तो तुम्हें चुकाना ही पड़ेगा। चाहे धन से, चाहे ध्यान से; चुकाना पड़ेगा। कुछ तुम्हें छोड़ना पड़ेगा तो ही तुम असली को पा सकोगे।



ऐसा हुआ एक बार कि एक महिला आई और गुरजिएफ ने कहा कि तेरे जितने भी हीरे-जवाहरात हैं पहने हुई थी, काफी धनी महिला थी ये तू सब उतारकर रख दे। उस महिला ने आने के पहले यह सुना था, गुरजिएफ ऐसा करता है। तो बुद्धि इंतजाम कर लेती है; उसने जरा आसपास चर्चा की, गुरजिएफ के पुराने शिष्यों से पूछा।

एक महिला ने उसे कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं। क्योंकि जब मैं गई थी, तब भी उसने मेरी अंगूठी और गले का हार उतरवा लिया था। लेकिन दूसरे ही दिन वापिस कर दिये। तू डर मत! मैंने निष्कपट भाव से दे दिया था, कि जब वे मांगते हैं तो ठीक ही मांगते होंगे। दूसरे दिन बुलाकर उन्होंने मेरी पूरी पोटली वापस कर दी। और जब मैंने घर आकर पोटली खोली, तो उसमें कुछ चीजें ज्यादा थीं, जो मैंने दी नहीं थीं।

लोभ पकड़ा इस नयी स्त्री को, कि यह तो बड़ी अच्छी बात है। वह गई, वह प्रतीक्षा ही करती रही कि कब गुरजिएफ कहें! और गुरजिएफ ने कहा कि अच्छा, अब तू सब दे दे। उसने जल्दी से निकालकर रूमाल में बांधकर दे दिये। पंद्रह दिन प्रतीक्षा करती रही होगी, पोटली नहीं लौटी, नहीं लौटी, नहीं लौटी। आखिर वह उस स्त्री के पास गई। उसने कहा, मैं भी क्या कर सकती हूं?

गुरजिएफ से किसी ने पूछा कि यह आप कभी-कभी लौटा देते हैं, कभी नहीं लौटाते। तो गुरजिएफ ने कहा, 'जो देता है, उसको मैं लौटा देता हूं। जो देता ही नहीं, उसको मैं लौटाऊं कैसे? मैं लौटा तभी सकता हूं, जब कोई दे। इस स्त्री ने दिया ही नहीं था। इसकी नजर लौटाने पर लगी थी, अब यह कभी लौटने वाला नहीं।

कभी-कभी तुम पहुंच भी जाओ गुरिजएफ जैसे लोगों के पास, तो तुम चूक जाओगे। कोई छोटी-सी बात तुम्हें चुका देगी। क्योंकि बुद्धि क्षुद्र को देखती है। उसका जाल बड़ा छोटा है। छोटी-छोटी मछलियां पकड़ती है। जितनी क्षुद्र मछली हो, उतनी जल्दी पकड़ती है। विराट उससे चूक जाता है। हृदय का जाल बहुत बड़ा है, उसमें सिर्फ विराट ही पकड़ में आता है!

# परिवारवाद की राह पर बढ़ती मायावती



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,
राजस्थान

**बहुजन** समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी को युवा नेतृत्व देने के लिये अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बना दिया है। अब उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को छोड़कर बाकी प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद ही संभालेंगे। ब्रिटेन से एमबीए कर चुके 28 वर्षीय आकाश आनंद मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 2019 में पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। तभी से उनके मायावती के उत्तराधिकारी बनने की चर्चा चलती रहती थी। आकाश आनंद ने पिछले दिनो सम्पन्न हुये राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में पार्टी की कमान संभाली थी। मगर वहां बसपा के पक्ष में कोई विशेष हवा नहीं बना पाए। कभी देश में प्रमुख राजनीतिक दल रही बसपा अब अपनी राष्ट्रीय मान्यता बचाने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में चंद्रशेखर रावण भी दलित नेता के तौर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसी के चलते मायावती ने बसपा में युवा नेतृत्व देने के लिए अपने भतीजे को मैदान में उतारा है।

कांशीराम ने जब 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी का गठन किया था। तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आगे चलकर बसपा परिवारवाद की भेंट चढ़ जाएगी। परिवारवाद से बचने के लिए कांशीराम ने शादी नहीं की थी। मायावती की प्रतिभा देखकर कांशीराम ने उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया और अपना उत्तराधिकारी बनाया था। कांशीराम के कारण मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बन पाई।

कांशीराम चाहते तो स्वयं मुख्यमंत्री बन सकते थे। मगर वह किंग मेकर की भूमिका में ही रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मायावती को आगे बढ़ाया। आज वहीं मायावती अपने भतीजे को पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित कर बसपा को परिवारवाद के रास्ते पर धकेल दिया है। वर्तमान समय में बसपा राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ गई है। उनके परंपरागत दलित मतदाता भी छिड़क रहे हैं। ऐसी भी



विषम परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए मायावती को किसी युवा नेता की तलाश थी। मगर उन्होंने किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने की बजाय अपने भतीजे को ही अपना उत्तराधिकारी बनाना बेहतर समझा।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बसपा का ग्राफ गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली। बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं। मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है।

2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी नहीं जीत पायी। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक है।

उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पांच सीट तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 11 सीट तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने तीन सीट व 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद मायावती ने सपा से चुनावी गठबंधन समाप्त कर एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। 2022 में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट गयी थी। कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा,उत्तर प्रदेश, राजस्थान,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। जो अब सिमटने लगा है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे।

कभी कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। मायावती ना तो भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# खड़गे:भरोसे का नाम

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खड़गे यदि 'इंडिया' के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे!उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के



लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है।

इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का रोल अहम है। खड़गे की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं।इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकर्ताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं।

-हरिशंकर व्यास-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# जिला सहकारी बैंक में किसानों की बढ़ रही भीड़,राशि का अभाव

## कृषि छत्तीसगढ़ जिला सहकारी बैंक में किसानों की बढ़ रही भीड़,राशि का अभाव





- संवाददाता -
बतौली (सरगुजा),16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में इन दिनों किसानों की भारी भीड़ देखने में आ रही है। किसानों को सुबह से देर शाम तक अपने रुपये निकालने के लिए कतार में लगे देखा जा सकता है। दिन भर कतार में लगने के बाद किसानों को उनके खाते से मात्र बीस हजार रुपये ही मिल पा रहे हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बतौली में किसान अपने धान उपज को बेचकर थोड़ी-थोड़ी राशि ही निकाल पा रहे हैं। दिन भर कतार में लगने के बाद किसान अपने खाते से धान के उपज के बदले बीस हजार ही निकाल पा रहे हैं।

### छः खरीदी केंद्रों के किसानों का उपज का भुगतान

केंद्रीय बैंक शाखा बतौली में धान खरीदी के छः खरीदी केंद्रों के किसान आते हैं। बिलासपुर (बतौली), खड़धोवा(भटको), बोदा, सेदम, मंगारी, बटाइकेला खरीदी केंद्र के किसानों का विकासखंड स्तरीय बैंक बतौली में भुगतान होता है। इससे भीड़ बढ़ जाती है और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### राशि का अभाव, भुगतान में परेशानी

जिला सहकारी बैंक बतौली शाखा में प्रतिदिन साढ़े चार सौ से पांच सौ किसान भुगतान प्राप्त करने आते हैं। भुगतान करने के लिए बैंक के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध नही हो पाती जिससे थोड़ी-थोड़ी राशि देकर सबको संतुष्ट करने का प्रयास किया जाता है। शाखा बतौली को प्रतिदिन पचास लाख से एक करोड़ रुपये प्राप्त हो रहे है, जिसे दो दिन तक भुगतान करने को कहा जाता है।

### राष्ट्रीयकृत बैंकों ने बनाई दूरी

धान बोनस या धान खरीदी राशि के सरकारी चेकों को भारतीय स्टेट बैंक और सेंट्रल बैंक स्वीकार नही कर रहे हैं। जिससे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को अपने चेक एचडीएफसी, बैंक ऑफ बड़ौदा, ऐक्सिस बैंक में लगाना पड़ रहा है। इन बैंकों से जिला सहकारी बैंक को बैंक कैश सीमित मात्रा में प्राप्त हो रही है।जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के चेक सेंट्रल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक में स्वीकार होने से पर्याप्त बैंक कैश प्राप्त होता जिससे किसानों को परेशानी उठाना नही पड़ता।

### सरकार की घोषणा का इंतजार,बैंक मित्र या ग्राम पंचायत स्तर पर भुगतान की थी घोषणा

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने चुनाव पूर्व घोषणा की थी कि धान खरीदी का भुगतान ग्राम पंचायत वार किया जाएगा।खरीदी में अब महज पखवाड़े भर का समय ही बचा है परन्तु अभी तक इसपर कोई भी घोषणा या व्यवस्था नही बन पाई है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के कई ग्रामो में बैंक मित्र हैं जो छोटे छोटे भुगतान करते हैं परन्तु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का इस ओर विस्तार नही हो पाया है। बतौली के 54 ग्रामों के हजारों किसानों का खाता इस बैंक में है।

### किसानों का विश्वास नही जीत पाई जिला सहकारी बैंक

बतौली शाखा में हजारों किसानों का खाता है। समय पर इन खातों में धान खरीदी की राशि, धान का बोनस, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना की राशि आती रहती है। परन्तु किसानों का विश्वास अभी तक बैंक नही बना पाई है। खाते में राशि आने के तत्काल बाद किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से राशि निकाल कर अन्य बैंकों में जमा करते हैं। बैंक अपने हजारों खातेधारकों पर अभी तक विश्वास नही बना पाई है।

# हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई का विरोध जारी






- संवाददाता -
अम्बिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुज़ा छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई के विरोध और आवंटित कोल ब्लॉक को निरस्त करने की मांग को लेकर विभिन्न संगठन लगातार विरोध करते नजर आ रहे हैं, इसी तारतम्य में सर्व आदिवासी समाज के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव करते हुऐ अपर कलेक्टर को राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सोपा गया है, गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य को बचाने के लिए बड़ी मुहिम चल रही है, क्योंकि कोयला खनन के लिए जंगल से बड़ी मात्रा में पेड़ काटे जा रहे हैं, विपक्ष का दावा है

कि लगभग 50000 से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं,वही सत्ता पक्ष भी पेड़ों की कटाई और कोल ब्लॉक के आवंटन के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं

हसदेव अरण्य उत्तर छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में फैला हुआ है यहां भारत सरकार ने कोयला खदान हेतु कुल ब्लॉक आवंटित किया है, लेकिन यहां रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोग नहीं चाहते कि जंगल काटे जाए, क्योंकि यह उनके आस्था का केंद्र है, साथ ही यह पांचवी अनुसूची क्षेत्र में भी आता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ कर सिविल जज बनी आकांक्षा सिंह का किया गया सम्मान

- संवाददाता -
सुरजपुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



सुश्री आकांक्षा सिंह आत्मज हरिनंदन सिंह ने सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण कर सरस्वती शिशु मंदिर सहित अपने परिवार व समाज को गौरवान्वित किया है । गौरतलब है की आकांक्षा की विद्यालयीन शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर से हुई है.। आकांक्षा सिंह की सफलता पर सरस्वती शिशु मंदिर परिवार ने उनकी सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमे विद्यालय समिति के पदाधिकारी व सदस्य सहित भुतपूर्व छात्र भी आमंत्रित किए गए थे ।. कार्यक्रम में आकंक्षा सिंह के पिता श्री हरिनंदन सिंह (पूर्व सरपंच आमगांव) व माता श्रीमति तारा सिंह भी शामिल हुई. कार्यक्रम में स्कूल के बच्चो ने अपनी उत्सुकता पूर्ण प्रश्न भी आकांक्षा से किए जिसका बड़ी ही सरलता और सहजता से प्राप्त हुआ ।. सभी बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक श्री भीमसेन अग्रवाल ने संबोधित किया तथा कहा की एक समय था जब महिलाओ की शिक्षा पर बल दिया जाता था या जागरूकता अभियान चलाया जाता था,आज यह उदाहरण बन कर हम सब के बीच आमगाव पंचायत की बेटी ने इस मुकाम को हासिल कर नारी सशक्तिकरण की सार्थकता को परिभाषित किया है, साथ ही सभी बच्चों को अपना लक्ष्य साधने के लिए कड़ी मेहनत से व मन लगा के पढने का सन्देश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीमसेन अग्रवाल व्यवस्थापक, हरिदास अग्रवाल,प्राचार्य कैलाश यादव,विद्यालय से आचार्यगण व पूर्व छात्रगण उपस्थित थे.।

## भरतपुर माध्यमिक शाला के बच्चों से मजदूरी कराये जाने के संबंध में जांच के निर्देश



- संवाददाता -
लखनपुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भरतपुर के माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक चरित्र राम आर्मो द्वारा 13 जनवरी दिन शनिवार बैगलेस डे के दिन स्कूली बच्चों से मजदूरी का कार्य कराया जा रहा था हाथों में फावड़ा देकर मिट्टी खुदवा कर बोरे से उठाकर पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे को पटवाया जा रहा था जिसे लेकर बड़ी प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था । मामले को संज्ञान में लेते हुए लखनपुर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने 16 जनवरी दिन मंगलवार को लखनपुर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी को मामले की सूक्ष्म जांच करते हुए 7 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। अब देखना होगा कि प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई होती है या फिर मामले मै लीपा पोती कर दि जायेगी।

# होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में अचीवर्स डे सेलिब्रेशन हुआ संपन्न

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में महाविद्यालयीन प्रतिभाओं का सम्मान करने हेतु, अचीवर्स डे सेलिब्रेशन 16 जनवारी को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर माननीय डॉ. अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिस्टर फिलोमिना प्राचार्य होली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज उपस्थित रहीं। अतिथियों के परिसर में उपस्थित होते ही छात्राओं द्वारा रेमा रानी टोप्पो और साथियों द्वारा तैयार किए गए स्वागत नृत्य के माध्यम से ,उनको गीत संगीत में झूमते हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक लाने के पहले उन्हें पी.जी.छात्राओं द्वारा पारंपरिक तरीके से उनका हस्त प्रक्षालन करवा के उनके मस्तक को तिलक से सुसज्जित कर उन्हे बैच लगाया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉक्टर कल्पना गुहा एक्टिविटी डीन व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र द्वारा दिए गए स्वागत उद्बोधन द्वारा हुआ,इसके पश्चात मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि ,प्राचार्य उपप्राचार्य व सोशल साइंस डीन द्वारा दीप प्रज्वलन कर ईश्वर को स्मरण किया गया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के अलावा प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर शांता जोसेफ , उपप्राचार्य डॉ सिस्टर मंजू टोप्पो एवं सोशल साइंस डीन डॉ तृप्ति पांडेय भी मंच पर उपास्थित रहीं। इसके पश्चात प्राचार्य ने महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संदर्भ में प्रतिवेदन के माध्यम से सभागार में उपस्थित जनों को अवगत कराया।



कार्यक्रम की रोचकता बनी रहे इसलिए प्रतिभा सम्मान के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसमे अनेकता में एकता भारत की विशेषता को उजागर करता हुआ एक खुबसूरत नृत्य आयुषी व साथियों द्वाराआकर्षक छत्तीसगढ़ी नृत्य, सेमी क्लासिकल डांस और बाल श्रमिक से संबंधित नृत्य नाटिका व बॉलीवुड नृत्य शामिल थे। पुरस्कार वितरण की अंतिम कड़ी में खेल प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु,सम्मानित किया गया,साथ ही छात्र संघ, व विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों को भी सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके कार्यो की सराहना की गई।प्राचार्य महोदया द्वारा अतिथियों के मन में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को शॉल व मोमेंटो प्रदान कर उनके प्रति सम्मान ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा अचीवर ऑफ द ईयर का पुरस्कार ,जिसे प्राप्त किया बहुमुखी प्रतिभा को धनी पल्लवी व्यापारी ने जो बी. एस. सी.अंतिम वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्रा हैं। विशिष्ट अतिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें बधाई व आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें सदैव प्रयत्नशील रहने की सलाह दी। पुरस्कार वितरण के कार्य की संयोजक ममता कश्यप सहायक प्रा.रसायन व डॉ नीना गुप्ता सा.प्रा.अर्थशास्त्र ने सोनी वर्मा साप्रा अर्थशास्त्र व रबीना साप्रा रसायन के सहयोग से इस कार्य को बड़ी खूबसूरती से अंजाम दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सिस्टर दिव्या मिंज साप्रा.गणित सोनल सिन्हा सा.प्रा.वाणिज्य, प्रीति सिंह सा.प्रा.वनस्पति ने छात्राओं को कार्यक्रम तैयार करने में मार्गदर्शन दिया। डॉ कल्पना गुहा के अलावा आलोक चक्रवर्ती, प्रज्ञा सिंह सा.प्रा.अंग्रेजी, साहिबा खान सा.प्रा.वाणिज्य व डॉ प्रमोद यादव सा.प्रा.रसायन ने अपने खूबसूरत मंच संचालन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

# 189.43 किमी कुल लंबाई की संपर्क सड़कों का होगा निर्माण,पहाड़ी कोरवा बसाहटें सीधे जुड़ेंगी मुख्य सड़कों से

- » पीवीटीजी समुदायों तक आसानी से पहुंचेंगी सुलभ आवागमन की सुविधाएं
- » प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से प्रथम चरण में जिले में 51 संपर्क सड़कों से 54 पीवीटीजी बसाहटों को जोड़ने की मिली स्वीकृति





- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पहुंचविहीन पीवीटीजी बसाहटों को पक्की संपर्क सड़कों के जरिए मुख्य रास्तों से जोड़ा जाना है। इन संपर्क सड़कों से आवागमन सुलभ होने के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, दैनिक कामकाज के लिए गांव से शहर आने जाने की सुविधा लोगों को मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ पीवीटीजी समुदायों को प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से पक्की संपर्क सड़कों का निर्माण कर विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों वाले बसाहटों के 100 या अधिक की आबादी वाली प्रत्येक बसाहट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से प्रथम चरण में जिला सरगुजा में 189.43 किमी कुल लंबाई की 51 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बनने वाली सड़कों की कुल प्रस्तावित राशि 148 करोड़ 20 लाख रुपए है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के द्वारा ये सड़कें जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की 54 बसाहटों से जुड़ेंगी। जिसकी स्वीकृति छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदान की गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर की कुल 06 बसाहटें, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा की 18 बसाहटें, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर की 27 बसाहटें शामिल हैं।

### मुख्य रूप से ये सड़कें शामिल

इसमें मुख्य रूप से उदयपुर विकासखंड में बकोई से भेलवाडांड 10.15 किमी, टी 01 भकुरमा रोड से बुले केदमा 9.82 किमी, अंबिकापुर में राम नगर से लुकुम घुटरा 4.92 किमी, मोहनपुर से कोरवा पारा 2.81 किमी, पंपापुर से हर्राघाट 3.42 किमी, लुण्ड्रा विकासखंड में डकई से डकई बेवरा 4.33 किमी, जरकेला से चेउरपानी 4.02 किमी, चित्तपुर से चेउरपानी 3.60 किमी, अजिरमाकला से मांझा बेवरा 3.50 किमी सड़क निर्माण किया जाना है। इसी तरह सीतापुर विकासखंड में रजपुरी से बिजली चट्टान 5.90 किमी,बंशीपुर से अमगोड़हा 3.83 किमी, बतौली में टीरंग से इमलीटीकरा 7.00 किमी, घोघरा से परसाढाब 6.80 किमी, बांसाझाल से कदमहुआ 6.60 किमी, नकना से पहाड़पारा 6.30 किमी, बांसाझाल से आमपानी 5.50 किमी, तिरंग से खूंटापानी 5.30 किमी और सरमना से कोईलारढोंढी 4.00 किमी, विकासखंड लखनपुर में बेलदगी से मुड़ापारा 1.22 किमी तथा विकासखंड मैनपाट में कतकालो से लोटापानी 8.13 किमी,सुपलगा से हसियाखार 4.23 किमी, कदनई से सेमिडीह 4.20 किमी, पेंट से डाहुझरिया 3.00 किमी, कोट से गटीकोना 4.00 किमी सहित पूरे जिले में विभिन्न जगहों पर सड़क निर्माण किया जायेगा, इसके लिए विभाग द्वारा आवश्यक सर्वे भी कर लिया गया है।




## मंदिर परिसर में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम,साफ सफाई का काम शुरू

- संवाददाता -
अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सरगुजा में भी उल्लास का माहौल है। स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। घरों, मंदिरों में भी दीप प्रज्वलन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरगुजा जिले में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले दो दिनों से मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है। मंदिर सफाई अभियान में मंगलवार की सुबह नगर के शिव मंदिर, बौरीपारा, सत्तीपारा स्थित शिव मंदिर, मायापुर स्थित पंचदेव मंदिर की भी साफ सफाई की गई। वार्ड वासियों ने मंदिर परिसर की सफाई में अपना श्रमदान किया। इसके साथ ही मंदिर के गुंबज,मुख्य द्वार बाउंड्रीवाल को भी साफ किया गया। रंग-रोगन से मंदिर आकर्षक नजर आ रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, संजय अग्रवाल, परशुराम सोनी, शैलू सिंह, अजय प्रताप सिंह, पार्षद श्वेता गुप्ता, मधु चौदह, आकाश गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, विशाल गोस्वामी, विवेक दुबे,संजय अग्रवाल नेता, शैलेश सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।






## इस्लामिक कानूनों के खिलाफ निकाह मामले में इमरान,पत्नी बुशरा बीबी दोषी करार

**इस्लामाबाद,16 जनवरी 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को इस्लामिक कानूनों के खिलाफ शादी करने के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश कुदरतुल्लाह ने अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान इमरान खान की उपस्थिति में यह फैसला सुनाया, हालांकि इस दौरान इमरान खान की पत्नी बुशरा वहां मौजूद नहीं थी। इसको लेकर न्यायाधीश खासा नाराज दिखाई दिए।

गौरतलब है कि यह फैसला पूर्व पति खावर फरीद मानेका द्वारा दर्ज कराए गए मामले को खारिज करने की मांग करने वाली बुशरा की याचिका पर फैसला सुरक्षित करने के एक दिन बाद आया है। याचिका में बुशरा ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट को इस पर सुनवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही कोर्ट से 11 जनवरी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के पूर्व के आदेश को रद्द करने का भी आग्रह किया गया है।

### तलाक के डेढ़ महीने बाद ही कर ली थी शादी

मानेका ने एक घटना को याद करते हुए बताया कि एक बार उन्होंने अपने घर के नौकरी की मदद से इमरान खान को घर से बाहर निकाल दिया था। मानेका का आरोप है कि उनके बुशरा बीबी से तलाक के डेढ़ महीने बात ही इमरान ने बुशरा बीबी से निकाह कर लिया था। मानेका ने दावा किया कि जिस समय बुशरा का इमरान से निकाह हुआ, उस वक्त बुशरा का इद्दत का समय चल रहा था। बता दें कि महिला के पति की मौत या तलाक के बाद कुछ समय के लिए एकांत में जीवन बिताती है, जिसे इद्दत का समय कहा जाता है। मानेका ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2017 में बुशरा को तलाक दिया था और जनवरी 2018 में इमरान खान ने बुशरा से निकाह कर लिया। हालांकि जनता की नजरों से छिपाने के लिए शादी की तस्वीरें फरवरी 2018 में जारी की गई।

## आम चुनाव में अवामी लीग की जीत को पीएम हसीना ने बताया बांग्लादेश की जीत,बीएनपी पर किया कटाक्ष

**ढाका,16 जनवरी 2024।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आम चुनाव में अवामी लीग पार्टी की जीत को बांग्लादेश की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत बांग्लादेश और उसके लोगों के साथ लोकतंत्र और विकास की भी जीत है। हसीना के नेतृत्व में अवामी लीग ने सात जनवरी को हुए चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी।

जीत की बधाई देने पहुंचे पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने दफ्तर में संबोधित करते हुए शेख हसीना ने कहा, अवामी लीग की यह जीत बांग्लादेश की जीत थी। यहां के लोगों की जीत थी, लोकतंत्र और विकास की जीत थी। हमने लोगों को संवैधानिक अधिकारी सुनिश्चित किया है।

### बीएनपी पर किया कटाक्ष

शेख हसीना ने इस चुनाव में भाग नहीं लेने के लिए बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा, 2008 के चुनाव में 20 पार्टियों



के साथ गठबंधन में बीएनपी ने 30 सीटें जीती थी। वहीं अवामी लीग ने 233 सीटें अपने नाम की थी। यह चुनाव निष्पक्ष कार्यवाहक सरकार के अंतर्गत हुआ था।

उन्होंने कहा, 2008 में बहुत लोगों को ऐसा लगता था कि बीएनपी, अवामी लीग के बराबर है। लेकिन यह 2008 के चुनाव में गलत साबित हुआ। बीएनपी चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी। उन्होंने आगजनी कर लोगों को मार डाला। चुनाव को रद्द करने के लिए ट्रेनों में आग लगा दी।

शेख हसीना ने आगे कहा कि बीएनपी जितना आगजनी करेगी, लोग उन्हें उतना ही अस्वीकार करेंगे। उन्हें मालूम है कि लोग उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। इसी वजह से वे चुनाव में भाग लेना नहीं चाहते हैं। बीएनपी पर आरोप लगाते हुए हसीना ने कहा कि वे (बीएनपी) चुनाव को खराब करना चाहते थे और सत्ता में बने रहने के लिए अवैध रास्ता तलाश रहे थे।

## दो पसंदीदा अंपायरों के साथ मैच खेल रहे नवाज एक ने नो-बॉल दे दी,इमरान का सुप्रीम कोर्ट पर निशाना

**इस्लामाबाद,16जनवरी 2024।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। उससे पहले सियासी दलों के एक दूसरे पर हमले तेज हो गए हैं। इस बीच, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ, सर्वोच्च न्यायालय और शक्तिशाली सेना पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज दो अंपायरों के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं और उनमें से एक अंपायर ने हाल ही में पीटीआई को चुनाव से किनारे करने के लिए नो बॉल का संकेत दिया है।

**पसंद के अंपायरों के साथ मैच खेलते हैं नवाज**

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में पाकिस्तान तहरीक- ए- इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को उसके क्रिकेट बैट के चुनाव चिह्न वंचित किया है। इसको लेकर इमरान खान लंदन प्लान को जिम्मेदार ठहराया। एक प्रमुख दैनिक अखबार की खबर के मुताबिक, खान ने तोशाखाना मामले में सुनवाई के बाद रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, नवाज अपने पसंद के अंपायरों के साथ मैच खेलते हैं।



**उच्चतम न्यायालय पर साधा निशाना**

पीटीआई प्रमुख ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का जिक्र करते हुए कहा, परसों एक अंपायर ने नो-बॉल दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी पार्टी को उनके क्रिकेट बैट के चुनाव चिह्न से वंचित किया है। इमरान खान सेना और शीर्ष अदालत को अंपायर बता रहे हैं, जो रिकॉर्ड चौथी बार नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की हिमायत कर रहे हैं।

**शीर्ष अदालत ने ईसीपी के फैसले को बरकरार रखा**

गौरतलब है कि चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पिछले साल 22 दिसंबर को पीटीआई के लिए क्रिकेट बैट को चुनाव चिह्न को रद्द कर दिया था। इसके लिए ईसीपी ने पार्टी के आतंरिक चुनाव में पारदर्शिता न होने का हवाला दिया। हालांकि, बाद पेशावर उच्च न्यायालय ने पीटीआई के लिए इस चुनाव चिह्न को बहाल कर दिया था। इसके बाद ईसीपी ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने ईसीपी के फैसले को बरकरार रखा।

इमरान खान ने कहा कि नवाज शरीफ को लंदन प्लान के तहत राहत दी गई है और उन्हें चुनाव के दौरान जेल में बंद किया गया है। पीटीआई का आरोप है कि लंदन प्लान के तहत आम चुनाव में सैन्य प्रतिष्ठान के समर्थन से नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनाया जाएगा और इमरान खान की पार्टी को कुचल दिया जाएगा।

## एटीएम कार्ड व पिन नंबर चोरी कर निकाल लिए 1 लाख 65 हजार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** एटीएम कार्ड व पिन नंबर चोरी कर 1 लाख 65 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। टेंट हाउस के संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार राजेश गर्ग ब्रम्हरोड का रहने वाला है। इसका पुराना बस स्टैंड के पास टेंट हाउस है। 11 जनवारी को टेंट हाउस स्थित ऑफिस में बैठा था। इस दौरान मोबाइल के माध्यम से वह अपना बैंक खाते की जांच की तो उसके होश उड़ गए। 1 लाख 70 हजार रुपए की जगह उसके खाते में मात्र 42 सौ रुपए ही थे। वह भागे-भागे बैंक गया और स्टेटमेंट की जांच की तो पता चला की दो बार में एटीएम कार्ड के माध्यम से रुपए निकाले गए हैं। वह अपना एटीएम कार्ड को टेंट हाउस स्थित ऑफिस में रखा था। वहीं पर एक कागज में एटीएम का पिन नंबर भी लिखा हुआ था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम कार्ड व पिन नंबर चोरी कर रुपए निकाल लिए हैं। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को 5 माह से नहीं मिला है स्टाइपेंड

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंह देव चिकित्सा महाविद्यालय में इंटर्न और पीजी के छात्रों को पिछले 5 महीने स्टाइपेंड नहीं मिला है। युवक कांग्रेस ने तत्काल पहल कर बकाया भुगतान कराने की मांग की है। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कालेज के डीन को ज्ञापन सौंप कर कहा है कि मेडिकल कालेज के इंटर्न और पीजी छात्रों को विगत 4-5 महीने से स्टाइपेंड नहीं मिला है जिससे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना करना है। डीन ने युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बताया पीजी छात्रों को दिए जाने वाली राशि मे वृद्धि के कारण बजट कम हो गया है। राज्य सरकार से बजट उपलब्ध होते ही स्टाइपेंड की राशि प्रदान कर दी जाएगी।युंका ने जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।ज्ञापन सौपने वालो में रजनीश सिंह, नीरज तिवारी, हिमांशु जायसवाल, प्रीतिका विश्वकर्मा, आमिर सोहेल, शुभम जायसवाल, हिमांशु अग्रवाल, विकास केशरी, शेख़ आसिफ़, आकाश अग्रहरी, वैभव पांडेय, नरेंद्र यादव, दीपक दूबे, आदि शामिल थे।



## मालवाहक ट्रक और मिनी बस के बीच भीषण टक्कर,11 लोगों की मौत- 12 से अधिक घायल

**अदीस अबाबा ,16 जनवरी 2023।** पूर्वी इथियोपिया के सोमाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। राज्य-संबद्ध फना ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेट (एफबीसी) ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना सोमाली क्षेत्र के फफान क्षेत्र में उस समय हुई, जब एक मालवाहक ट्रक एक मिनी बस से टकरा गया, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि 12 घायलों का फिलहाल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस हादसे के संभावित कारणों की जांच कर रही है। हालाँकि पूर्वी अफ्रीकी देश में प्रति व्यक्ति कार स्वामित्व दर दुनिया में सबसे कम है, लेकिन घातक यातायात दुर्घटनाएँ अपेक्षाकृत आम हैं। इसका दोष अक्सर खराब सड़कों, लापरवाही से गाड़ी चलाने, सुरक्षा नियमों को लागू करने में ढिलाई और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की दोषपूर्ण प्रणाली को दिया जाता है।




## 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रज्ञा मिश्रा का चयन



- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रज्ञा मिश्रा का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश यूथ बालिका बास्केटबाल टीम में किया गया है। यह 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 कोयंबटूर, तमिलनाडु में 21 से 25 जनवरी तक भाग लेगी। इस बड़ी उपलब्धि के साथ सरगुजा जिला का फिर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में नाम दर्ज हुआ है। लगातार कई वर्षों से सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ द्वारा निस्वार्थ व निःशुल्क बच्चों को बास्केटबाल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रज्ञा मिश्रा बचपन से ही बास्केटबाल खेल रही है।

सब-जूनियर वर्ग से सीनियर लेवल तक सभी वर्गों के बास्केटबाल प्रतियोगिता में कई मेडल जीतकर संघ के साथ सरगुजा का नाम रोशन किया है। वह सब जूनियर वर्ग स्कूल वर्ल्ड कप प्रतियोगिता आस्ट्रेलिया में खेल चुकी है। हाल ही में प्रज्ञा मिश्रा 2023 में 73 वीं सिनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता लुधियाना, पंजाब खेलकर आई है। अभी छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका टीम के प्रशिक्षण कैम्प चल रहा है।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत मंदिरों और धार्मिक स्थलों में की जा रही सफाई

» निगम की टीम द्वारा नगर के महामाया मन्दिर,राम मंदिर, हनुमान मंदिर,साईं मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में चला अभियान, आमजनों ने भी बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा...







- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस शुभ अवसर पर प्रदेश में उत्सव का वातावरण है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ तीर्थ अभियान का आगाज किया है। धार्मिक व पवित्र स्थलों को साफ और कचरा मुक्त रखने, मंदिरों और प्रमुख तीर्थ स्थलों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत देशभर में 14 जनवरी से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान के द्वारा मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर सफाई किया जाना है।

इसी क्रम में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन और नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले में भी प्रमुख धार्मिक स्थलों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आमजन सहभागिता निभाकर उत्साह के साथ मन्दिर-देवालयों की साफ-सफाई में जुट गए हैं। बीते मंगलवार को नगर निगम अम्बिकापुर के महामाया मन्दिर, ब्रम्ह वार्ड के राम मंदिर, गांधीनगर के हनुमान मंदिर एवं साई मन्दिर सहित अन्य स्थलों की सफाई की गई। इस स्वच्छता अभियान में जनप्रतिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, जनसामान्य सभी हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीम के द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

## मकर संक्रांति पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** मकर संक्रांति के पर्व पर पहचान साहित्यिक समिति ने काव्य गोष्ठी का आयोजन विषय भगवान राम एवं पतंग पर आयोजित किया सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का मंच संचालन नीतू सिंह यादव ने किया। सभी ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी पूनम दुबे -राम नाम को ओढ ले, हम मानव है मीर । अंजलि माथुर जी ने लगन प्रभु से लगा बैठे जो होगा देखा जाएगा। गीता दुबे ने काव्य पाठ किया राम घर आए है अयोध्या सजाया है भारत पर सभी और रामजी छाए हैं चांद पर हमने तिरंगा लहराया है। भावना तोमर अध्यक्ष ने मैं पतंग हूं मेरी डोर ईश्वर के हाथ में, उड़ना चाहती हूं आकाश में गलती करती हूं ईश्वर डोर खिंच लेते हैं। मनसा शुक्ला ने कहा रिश्ता डोर पतंग का जैसे जल और मीत मिलजुल के रहते सन्ना तब होते सुख तलनीन। जो कहते मेरे राम नहीं ,बतलाव वह है कहां , अभिनंदन में अभिवादन में है राम-राम अनीता सिंह जाने कितनी जोड़ी आंखों की किरकिरी बन गई मेरा ये पतंग अवतरण, मेरे पर कतरने की जुर्रत करने वालों मै निज डोर थमने का हुनर रखती हूं। डॉक्टर पुष्पा सिंह ने मुमकिन न हो शायद, मानव जीवन फिर पाना ,सांसों की डोर कटी तो पतंग, प्रभु के चरणों में गिर जाना। प्रेमलता गोयल ने कहा सर्र सर्र उड़ी जाए पतंग छुने दूर गगन अंत में राम जी के भजनों के साथ काव्य पाठ हुआ पूरा मंच राम मय हो गया ।



## ओड़िशा के छड़ कारोबारी से धोखाधड़ी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** ओड़िशा के छड़ निर्माता व्यवसायी से लाखों की ठगी किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक और आरोपी को बनारस से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

प्रार्थी पंकज अग्रवाल निवासी राउरकेला ओड़िशा निवासी है। वह छड़ निर्माता कंपनी का संचालक है। वह 16 मई 2023 को कोतवाली अंबिकापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अंबिकापुर के मायापुर निवासी केके अग्रवाल व राहुल गोयल पिता-पुत्र द्वारा साथ में व्यवसाय करने के नाम पर 46 करोड़ रुपए की ठगी अपने साथी व रिश्तेदारों के साथ मिलकर कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र सहित चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था। वहीं अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। वहीं पुलिस ने विजय शंकर प्रसाद जायसवाल को बनारस से गिरफ्तार किया है। यह मूल निनासी नवडीहा बाजार थाना नवडीहा बाजार जिला पलामू झारखण्ड का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक केके यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक शिव राजवाड़े, रुपेश महंत शामिल रहे।






## कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय शतचण्डी यज्ञ का शुभारंभ

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** शहर के प्रतापपुर चौक स्थित शिवधारी कॉलोनी में 9 दिवसीय शतचण्डी यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ 16 जनवारी को किया गया है। कलश यात्रा शिव मन्दिर से निकलकर यज्ञ स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा के साथ ही नौ कुण्डीय यज्ञ प्रारंभ हो गया है। जो 24 जनवरी तक चलेगा। कलशयात्रा में आयोजन समिति के सदस्यों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह संपन्न कराने में चित्रकूट व प्रयागराज के आचार्य पधारे हैं।

CMYK

# आखिर कब कटकोना 3/4 की भूमिगत खदान से चोरों का आतंक होगा खत्म ?

## आये दिन कार्यरत कर्मचारियों को बंधक बनाकर चोरों के द्वारा की जाती है मारपीट

## एसईसीएल कर्मचारीयों में भय का वातावरण काम पर जाने से किया इंकार वही पुलिस शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने से क्यों करती है इंकार ?

## चोरों के आतंक से पिछले 5 साल से परेशान है एसईसीएल कर्मी

## कई बार चोरों के द्वारा एसईसीएल कर्मियों को बनाया जा चुका है बंधक साथ ही उनके साथ हो चुकी है मारपीट





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/ पटना,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
एसईसीएल बैकुंठपुर एरिया के अंतर्गत संचालित काटकोना 3/4 भूमिगत खदान लगभग 8 साल पहले घाटा बताकर बंद कर दी गई थी पर खदान के पास काफी मात्रा में मशीनरी उपकरण व केबल तार मौजूद थे जिसकी कीमत लाखों में थी जिसे चुराने के लिए प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में चोर आते हैं और सुरक्षा के लिए तैनात कुछ एसईसीएल कर्मियों को बंधक बनाकर बेधड़क खदान के अंदर घुसकर लोहा व तांबे का तार युक्त केबल को काट कर ले जाते हैं और इसे महंगे दामों में बेचते हैं, एसईसीएल कर्मी उन चोरों के आगे बेहोश हो जाते हैं क्योंकि चोर धारदार हथियारों के साथ काफी संख्या में होते हैं जिनसे लड़ पाना एसईसीएल कर्मियों के लिए मुश्किल है, चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए चोरों द्वारा कई बार कर्मियों के साथ मारपीट की गई साथ ही उन्हें बंधक बनाया गया, यह घटना एक नहीं दर्जनों बार हो चुकी है जिसकी शिकायत भी पटना थाना में एक नहीं दर्जनों बार की जा चुकी है पर आज तक एक भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी,जांच और विवेचना का हवाला देकर पुलिस एफआईआर दर्ज करने से बच निकलती है जिस वजह से चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस चोरों तक पहुंचना ही नहीं चाहती पर वही एसईसीएल कर्मियों के लिए से रोज अपना ड्यूटी करना खतरे से खाली नहीं है, उनके लिए जान का खतरा लगातार बना रहता है।

जानकारी के मुताबिक 13 जनवरी शनिवार की रात एसईसीएल के कटकोना के बंद खदान में चोरों का एक दल पहुंचा जो सुरक्षा की दृष्टि से ड्यूटी कर रहे एसईसीएल कर्मी से ज्यादा की संख्या में थे बंद खदान में आते ही सुरक्षाकर्मीयों को बंधकर बनाकर उनकी पिटाई की चोरों ने और बंद खदान में मंहगे उपकरण और एल्यूमिनियम, तांबे के तार चोरी कर ले गये चोरी में किन समानों को बंद खदान से ले जाया गया इसकी सूचना अप्राप्त है। वही इस मामले स्थानीय पुलिस प्रशासन की चुप्पी समझ के परे है। ऐसी चोरी की घटना की शिकायत पटना पुलिस को कई बार दी जा चुकी है पर पुलिस इन चोरों को रोक पाने में सदैव नाकामयाब रही है, 13 जनवरी को एक बार फिर चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया और एसईसीएल कर्मियों को बंधक बनाया गया। वहां पर तैनात कर्मीयों ने बताया कि काफी संख्या में लोग अपना मुंह बंद करते हैं और अपने साथ धारदार हथियार रखे रहते हैं खदान जनसंख्या वाले क्षेत्र से करीब 8 किलोमीटर दूर है जिस वजह से उसका फायदा उठाकर चोर हर बार चोरी की घटना को अंजाम देते हैं जब तक पुलिस को सूचना मिलती है तब तक चोर उनके आने से पहले ही भाग निकलते हैं यह एक बार का नहीं हर बार का चोरों के लिए वरदान साबित होता है। जब भी पुलिस को सूचना दी गई है पुलिस चोरों के भागने के बाद ही पहुंची है।

### जंगल का फायदा मिलता है चोरों को भागने में

कटकोना एसईसीएल के जिस बंद खदान से चोर कबाड़ और केबल चोरी कर ले जा रहे हैं वह पहाड़ पर स्थित जंगलों से घिरा हुआ खदान है,यह आबादी से काफी दूर ऊंचाई पर स्थित होने के कारण एकांत स्थान है जिसका चोरों को फायदा मिलता है और चोर चोरी करते समय इस बात से निश्चिंत रहते हैं की पुलिस के आने से पहले वह भाग निकलने में कामयाब हो ही जाएंगे। चोरों के लिए जंगल भी वरदान साबित होता है क्योंकि उन्हे छिपने भागने में आसानी होती है। चोरों के लिए यह अत्यंत सुविधाजनक क्षेत्र है।

### रात में ही चोरी की घटना को चोरों का गिरोह देता है अंजाम

चोरों का समूह रात में ही चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचता है। चोर रात में पहुंचकर सबसे पहले एस ई सी एल कर्मियों को बंधक बनाते हैं फिर उन्हे बंधक बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। चोरों को ऐसा करने में कोई भय नहीं होता क्योंकि एस ई सी एल की बंद खदान में कुछ एस ई सी एल कर्मियों ने अलावा कोई और नहीं होता जिन्हे अपने वश में करना उनके लिए बंधक बनाकर आसान होता है। रात में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर रात में ही फरार भी हो जाते हैं।

### एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें दी जा चुकी है थाने में

एसईसीएल की तरफ से कटकोना 3/4 बंद खदान में एस ई सी एल कर्मियों को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट करके चोरी करने की चोरों की करतूत को लेकर एक दर्जन से ज्यादा बार पुलिस को शिकायत की जा चुकी है,दर्जनों शिकायतों में से किसी एक में भी अब तक पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की है जबकि मामला चोरी की जगह डकैती जैसे संगीन अपराध का है क्योंकि इसमें बंधक बनाकर मारपीट किए जाने की भी शिकायतें हुई हैं। पुलिस जांच की बात कहकर हर बार मामले में लीपापोती कर देती है और घटना लगातार घट रही है जिसका कारण है की पुलिस अपराध दर्ज कर मामले में जांच तय नहीं करती है जिस कारण चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।

### पुलिस को गस्त के लिए आवश्यक संसाधन एसईसीएल भी उपलब्ध कराता है फिर भी एसईसीएल के कर्मचारी चोरों के हाथों मार खाते हैं... ?

एसईसीएल गस्त के लिए पुलिस को आवश्यक संसाधन वहां भी उपलब्ध कराता है लेकिन उसका कोई फायदा एसईसीएल को होता नज़र नहीं आता। एसईसीएल कर्मी फिर भी चोरों के हाथों मार खाते हैं वहीं उन्हे बंधक भी बनाया जाता है। पुलिस चाहती तो निगरानी सहित अपने सूचना माध्यम के सहारे चोरों तक पहुंच सकती थी अब तक लेकिन पुलिस का ऐसा कोई प्रयास नजर नहीं आया। आज एस ई सी एल कर्मी कटकोना बंद खदान की सुरक्षा का जिम्मा लेना नहीं चाहते क्योंकि उन्हे अपनी जान का खतरा जान पड़ता है। कुल मिलाकर चोरी बिना किसी डर चोर कर रहे हैं वहीं वह एस ई सी एल कर्मियों को भी भयभीत कर रहे हैं।

### सुरक्षाकर्मी की संख्या से ज्यादा रहते हैं चोर

चोरी करने पहुंचने वाले चोर संख्या में एस ई सी एल कर्मियों से अधिक होते हैं ,संख्या अधिक होने की वजह से वह बेधड़क चीरी की घटना को अंजाम देते हैं फिर वह लौट जाते हैं।

# स्वर्णकार समाज का भवन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

## समाज के लोगो ने घटिया निर्माण की वजह बताया इंजीनियर को

### स्वर्णकार समाज का भवन का था विभागीय पर विभाग ने ठेकेदार को सौंप कर निर्माण करवा रहे गुणवत्ता विहिन

### पूर्व सरकार ने स्वीकृत किया था स्वर्णकार समाज का भवन, निर्माण में ठेकेदार की खूब चल रही मनमानी

### एजेंसी बना आरईएस ठेकेदार के आगे नतमस्तक, भवन निर्माण में जमकर हो रही अनिमियता

### भवन निरीक्षण करने गये इंजीनियर के सामने टूट गिरा छज्जा



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/ पटना,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में पटना में पहुंचे पूर्व सीएम ने स्वर्णकार भवन के लिये 15 लाख की स्वीकृति प्रदान की थी जहां विगत छः महीनो से भवन निर्माणधीन है। शनिवार को ग्रामिण यांत्रिकी विभाग के इंजिनियर भवन मे चल रहे कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जहां उनके सामने ही निर्माणाधीन भवन का छज्जा भरभरा के गिर गया। भवन निर्माण का एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग था पर ठेकेदार के मार्फत भवन बनवाया जा रहा है। जो विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की सांठगांठ के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।

स्वर्ण समाज के पदाधिकारी शंकर सोनी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष जवाहर गुप्ता, समाज सेवी अरविंद सिंह के साथ भाजपा नेता राजेष गुप्ता ने इंजिनियर के सामने टूटे छज्जा का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां सोनार समाज के अध्यक्ष शंकर सोनी ने बताया कि 15 लाख के लागत से बन रहे स्वर्णकार समाज का यह भवन पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ गया है। भवन का सिर्फ ढांचा खड़ा हो गया है और ठेकेदार द्वारा छत ढालने की पूर्ण स्थिति में है। इस भवन में होने वाले कार्य इतने घटिया स्तर के है जहां 40 एमएम गिट्टी से लेकर 20 एमएम गिट्टी की क्वालिटी बेहद घटिया किस्म की नजर आ रही है। मिट्टी मिला रेता से निर्माण हो रहे भवन का सिर्फ ढांचा खड़ा किया जा रहा है पर कब गिर जाये इसकी कोई गारंटी नहीं। भवन में सरिया का होने वाले उपयोग मानक मापदण्ड से बिलकुल अलग है। अब तक हुये निर्माण पर आज तक पानी से एक बार भी तराई नहीं हुआ है, सेफटी टेंक की गहराई 5 फिट के लगभग होगी। आरईएस विभाग के इंजिनियर द्वारा लगातार निगरानी में ठेकेदार द्वारा बेहद ही घटिया स्तर का कार्य कराया जा रह है।

### पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहर लाल गुप्ता जब भवन को देखने पहुंचे तो वहां पर हो रहे कार्य को देखकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है वहीं इसकी निगरानी रखने वाले विभाग की लापरवाही का भेंट चढ़ गया यह भवन। निर्माणाधीन भवन का ढांचा बनकर तैयार है और छत ढलने की तैयारी में है वहीं इसमें उपयोग होने वाले 20 एमएम गिट्टी के जगह जीरा गिट्टी की प्रचुर मिलावट है। सेट्रींग हुये छत में छड़ की आपस दूरी मापदण्ड से बिलकूल भिन्न है साथ ही यह भवन बन तो रहा है पर कब गिर जायेगा यह इंजिनियर भी नही बता पायेगा।

### ठेकेदार भवन के नाम पर सिर्फ कर रहे ढांचा खड़ा

ग्रामिण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार खूब लिपापोती कर रहे है। एक तरह से यह बनने वाला भवन बिलकूल सुरक्षित नहीं विभाग के अधिकारी, इंजिनियर को आकर इसे देखनी चाहिए। इस भवन में उपयोग होने वाले मटेरियल बेहद घटिया क्वालिटी के है। ठेकेदार द्वारा किये जा रहे घटिया निर्माण में पूरे विभाग मौन है यह समझ के परे है।

### जायेंगे विधायक के पास

भाजपा नेता राजेष गुप्ता ने बताया कि ठेकेदार और विभाग के मनमानी का भेंट चढ़ गया यह भवन जिसकी षिकायत के लिये हमारे क्षेत्र के विधायक भईयालाल से षिकायत करने के लिये पूरे स्वर्णकार समाज के लोगों ने कहा कि इसकी शिकायत विधायक से करेंगे और हो मनमानी की भरपाई ठेकेदार से वसुल की जायेगी।

# हर घर पांच दिये प्रज्जवलित कर मनायें खुशियालीः अनिल गुप्ता

## अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने पूजित अक्षत देकर दिया निमंत्रण

## मकर संक्राति के पावन अवसर पर रामभक्तों के साथ नगर विकास समिति एवं जागृति महिला ने निकाली शोभा यात्रा

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/ पटना,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
अयोध्या राम मंदिर उद्घाटन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है इस समय सभी के जुंबा पर राम का ही नाम है। राम मंदिर निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है बस कुछ दिन ही शेष रह गये है। 22 जनवरी के दिन जहां अयोध्या में नव-निर्मित राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा होना है जिसे लेकर पूरे देष के हर गांव-शहरों में उत्साह दिखेगा और हर मंदिर में दिप प्रज्वलित होंगे। जगह-जगह अभी से ही अयोध्या से आये पूजित अक्षत को हर घर में जाकर निमंत्रण स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पटना में भी 14 जनवरी को राम भक्तों द्वारा घर-घर जाकर पुष्प अक्षत देकर आमंत्रित किया गया।



पटना सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में स्थित षिव मंदिर में अयोध्या से आये पूजित अक्षत, कलश को लेकर श्रद्धालुओं की एक टोली पूरे पटना क्षेत्र का शोभा यात्रा के साथ भ्रमण करते हुये सभी श्रद्धालुओं को राम मंदिर निर्माण का न्यौता देते हुये पटना के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे। व्यवसायी अनिल गुप्ता ने इस संबंध में बताया कि राम मंदिर हमारे आस्था का प्रतीक है और राम मंदिर निर्माण हो यह पुरानी मांग थी जो अब पूरी होने जा रही है। पूरे देष के लिये गौरव की बात है साथ ही राम भक्तों के लिये भी, देष यषस्वी प्रधानमंत्री भी देष के जनता से अपील करते हुये कहा है कि जो राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे और जो आ पाने में असमर्थ वह अपने गांव-शहर के अपने आसपास के मंदिरों को साफ-सफाई कर दिप प्रज्वलित करें। साथ श्री गुप्ता ने पूजित अक्षत वितरण के दौरान सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि 22 जनवरी के दिन कम से कम पांच दिये या इससे अधिक दिये जरूर जलायें। हनुमान मंदिर परिसर में जलेंगे 21 सौ दिये- नगर विकास समिति के अध्यक्ष रोषन गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी के राम मंदिर के उद्घाटन के दिन पटना में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में स्थित राम मंदिर में 21 सौ दिये जलायेंगे जिससे पूरा मंदिर परिसर जगमगायेगा।



# प्रधानमंत्री के आह्वान पर डाक्टर ने मन्दिर में लगाई झाडू

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
देश वासियों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का असर अब दिखने लगा है। क्या आम क्या खास सब मंदिरों में साफ सफाई कर रहे है। मनेन्द्रगढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले सिरौली ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डाक्टर राहुल तिवारी ने अपने मित्रों के साथ मंदिर में झाडू लगाया। डाक्टर राहुल तिवारी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। पीएम मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरुआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। डाक्टर राहुल ने कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। इसके तहत हिंदू समुदाय के लोगों से सेवा प्रदान करने और मकर संक्रांति से शुरू हुए वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का अनुरोध किया था। जिस पर मैंने अमल करते हुए सिरौली के हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति पर झाडू लगाई। डाक्टर तिवारी ने सभी से अपील करते हुए कहा, की सभी अपने अपने आसपास के मंदिरों में साफ सफाई कर प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करें। इस दौरान अवनीश गुप्ता, मुकेश शर्मा, गौरव त्रिपाठी मौजूद थे।

# कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने जीता संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
अंबिकापुर के नगर सेना क्रिकेट ग्राउंड में संचालित संभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम व जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम के मध्य खेला गया जिसमें कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम 38 रनों से विजेता रही।

प्रतियोगिता के पहले लीग मैच में कोरिया की टीम ने एसडीआरएफ अंबिकापुर एवं दूसरे लीग मैच में जशपुर की टीम को हराकर दूसरे चरण में प्रवेश किया जहां 3 जोन में विभाजित टीमें साउथ जोन में कोरिया एवं सूरजपुर, मध्य जोन में अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ नॉर्थ जोन में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीमों के बीच मुकाबला हुआ। संयुक्त टीमों के बीच हुए मुकाबले में कोरिया एवं सूरजपुर की संयुक्त टीम ने अपना पहला मुकाबला 13 जनवरी को जशपुर एवं बलरामपुर की टीम से एवं दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को अंबिकापुर एवं एसडीआरएफ की टीम से जीता एवं दिनांक 14 जनवरी को ही खेले गए फाइनल मुकाबले में जशपुर एवं बलरामपुर की संयुक्त टीम को हराकर विजेता का शील्ड अपने नाम किया। गौरतलब है कि संभागीय सेनानी नगर सेना, एसडीआरएफ, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं सरगुजा संभाग राजेश पाण्डेय के पहल पर शानदार विभागीय खेलकूद गतिविधियों का संचालन हो रहा है जिससे जवान स्वस्थ एवं फिट व तंदुरुस्त रहते हैं। उक्त पूरे प्रतियोगिता के दौरान एसडीआरएफ सरगुजा टीम के कप्तान संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, सूरजपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी संजय गुप्ता, बलरामपुर टीम के कप्तान जिला सेनानी शिव कुमार कठौतिया, जशपुर टीम के कप्तान सहायक उप निरीक्षक एम सोनपाकर एवं कोरिया टीम के कप्तान लांस नायक महेश मिश्रा के साथ खिलाड़ी व दर्शक गण उपस्थित रहे।




CMYK



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 का जिला पुलिस द्वारा किया गया शुभारंभ

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर 15 जनवरी को जिला कोरबा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 का शुभारंभ गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में आयोजित कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र समीप दीप प्रज्वलित कर औपचारिक रूप से जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वक्ता पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा बढ़ते सड़क दुर्घटना पर गंभीरता व्यक्त कर प्रत्येक नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में प्रतिदिन थानों व यातायात पुलिस द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम कर जिलेवासियों को यातायात के प्रति जागरूक किया जावेगा। सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान, कार्यक्रम स्थल से यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिले में यातायात नियमों के पालन करने के प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया है । सड़क सुरक्षा माह शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया, एनसीसी कैडेट एवं अन्य गणमान्य नागरिक व पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे ।



## एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन योजना) के दो माह पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय (पीवीटीजी) वर्ग के 01 लाख लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त के लिए राशि का डिजिटल हस्तांतरण किया। इसी तरह सड़क निर्माण विद्युतीकरण परियोजना को स्वीकृति,नल से स्वच्छ जल परियोजना, वन धन विकास केंद्रों की स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम जनमन कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इसी कड़ी में जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री,ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज श्री गिरिराज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम,कटघोरा वनमण्डलाधिकारी निशांत कुमार, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, नोडल अधिकारी/डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर पीएम जनमन सुश्री जेबा जामिल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम में जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि जन का मतलब जनता जनार्दन है एवं मन का अर्थ उनके मन की बात है। अर्थात् जनता के मन की बात को पूरा करने के लिए सरकार ने मन बना लिया है। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा विभिन्न शासकीय स्टॉलों एवं विद्यालय में बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक मॉडल का अवलोकन किया गया। स्टॉलों में वन विभाग, पंचायत, कृषि, खाद्य, आदिम जाति विकास विभाग, पीएचई, कौशल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास आदि विभागों द्वारा केन्द्रीय योजनाओं का जीवंत और मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने स्टॉल अवलोकन के दौरान किए जा रहे कार्यों की सराहना की साथ ही पौधे का रोपण कर सामाजिक वानिकी को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



## बेरोजगारी के खिलाफ युकां शुरू करेगी अभियान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

देशभर में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ युवक कांग्रेस रोजगार दो,न्याय दो अभियान शुरु करेगी। इसकी तैयारी के सिलसिले में युवक कांग्रेस सरगुजा की बैठक राजीव भवन में युंका प्रभारी नीरज तिवारी की उपस्थिति में हुई। बैठक के बाद रोजगार दो, न्याय दो का पोस्टर जारी किया गया। युंका जिलाध्यक्ष विकल झा ने बताया रोज़गार दो न्याय दो एक ऐसा अभियान है , जिसमे भारतीय युवक कांग्रेस देश के आम युवा के साथ मिलकर सवाल केंद्र की मोदी सरकार से पूछ रही है , पिछले 10 साल में आपने युवाओं को उनका रोज़गार का अधिकार क्यों नहीं दिया.? रोज़गार का वादा केवल नारा में ही क्यों रह गया। इस अभियान में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता अपने अपने ग्राम, वार्ड , नगर , शहर , ज़िला में युवाओं के बीच जाकर , युवक कांग्रेस के मोबाइल एप से या ऑफलाइन फार्म जमा करेंगे। बाइक रैली, नुक्कड़ सभा ,पंचायत चलो अभियान,पद यात्रा ,आंदोलन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा । इसकी शुरुवात ब्लॉक,पंचायत,विधानसभा,ज़िला और अंतिम मे लोकसभा स्तर में पांचहज़ार से अधिक युवाओं का सम्मेलन से समापन होगा । बैठक में रजनीश सिंह,नीरज तिवारी,हिमांशु जायसवाल, प्रीतिका विश्वकर्मा,आमिर सोहेल,शुभम जायसवाल,हिमांशु अग्रवाल, विकास केशरी,शेख़ आसिफ़,आकाश अग्रहरी,वैभव पांडेय,नरेंद्र यादव, दीपक दूबे,आदि उपस्थित थे।

# कृषकों को आबंटित भूमि पर हो रहा दुकानों का निर्माण

## उच्च न्यायालय के आदेश को भी तहसील न्यायालय खड़गवां ने किया दरकिनार

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कृषि हेतु आवंटित भूमि पर बनने व्यवसायिक दुकान का निर्माण किए जाने की स्थानीय ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री संभाग आयुक्त सरगुजा कलेक्टर से लिखित शिकायत की है शासन के द्वारा कृषकों को भू आवंटित भूमि पर व्यवसायिक दुकान निर्माण कार्यों पर रोक लग कर इसकी जांच कर राज्य शासन ने कृषक को भूमि जिस उद्देश्य के लिए आवंटित की है उसका उपयोग ना कर दूसरों को गुपचुप तरीके से बिक्री कर भू आवंटित भूमि पर व्यवसायिक दुकान निर्माण किया जा रहा है इस तरह के भू आवंटित भूमि के पट्टे को निरस्त करने की मांग की है। शासन ने कृषकों भूमि जीविकापार्जन के लिए प्रदान कि है उसे बिक्री कर व्यवसायिक दुकान निर्माण कार्य के लिए प्रदान नहीं किया गया है। इस भू आवंटित भूमि का उपयोग किया जा रहा है। इसकी जांच कर इस पट्टे को निरस्त कर भूमिहीन किसान को भूमि प्रदान करें जिससे भूमि हीन किसान अपनी जीविका पार्जन कर सकें ।



इन गरीब कृषकों की गरीबी का पूरा फायदा उठाकर उन्हें राशि देकर बाद में राशि का ब्याज दर सहित राशि वापस करने का दबाव बना कर सड़क किनारे की जमीनों पर कब्जा कर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कर रहे हैं भूमि खसरा नंबर 428/3 रमेश कुमार के नाम पर अंकित है इस खसरा नंबर 428/3 रकबा 0.31हे के कुछ भाग पर व्यवसायिक दुकान का निर्माण कार्य किया गया है वो दूसरे व्यक्ति के द्वारा जो इस भूमि को खरीदी किया है । इस व्यक्ति के द्वारा इस खसरा नंबर 428/3 रकबा 0.31हेश्र से लगभग इससे कुछ भाग वहां पर पांच से सात डिसमिल जमीन इस पट्टे दार रमेश कुमार से गुपचुप तरीके से खरीदी गई है।जबकि राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी को इन सब की जानकारी होने के बाद भी निर्माण स्थल पर अपने जांच रिपोर्ट में पट्टे दार के द्वारा स्वयं व्यवसायिक दुकान बनाया जाना बताया गया है।

जबकि राजस्व निरीक्षक के द्वारा कृषक भूमि पर व्यवसायिक दुकान बनाने का कोई दस्तावेज पट्टे दार ने प्रस्तुत नहीं किया और इस भू आवंटित भूमि पर व्यवसायिक दुकान या पक्का मकान बनने कि अनुमति नहीं होने का जांच प्रतिवेदन में राजस्व निरीक्षक ने अपने जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है और जांच प्रतिवेदन तहसील न्यायालय में प्रस्तुत भी किया गया उसके बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही का ना होना ये साफ प्रदर्शित करता है कि तहसील न्यायालय से ही भ्रष्टाचार कर शासन के द्वारा आवंटित भूमि पर व्यवसायिक दुकान निर्माण किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है जिसके कुछ सबूत भी मौजूद है जांच पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे ?

### अधिकारियों के सामने ही हो रहा कारनामा

इस भूमि के आवंटित पटे में स्पष्ट निर्देश भी लिखे गए हैं कि पट्टेदार को उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजनों के लिए ही करेगा वह उक्त भूमि या उसके किसी भाग का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा? पटेदार उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी स्वरूप की कोई संरचना खडी नहीं करेगा किन्तु वह कृषि प्रयोजनों के लिए अस्थायी शेड का निर्माण कर सकेगा? पटेदार भूमि में अपने अधिकार या उसके किसी भाग को बिक्री भेंट बंधक उप - पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेगा और ऐसी प्रत्येक बिक्री भेंट बंधक उप-पट्टा या अन्य प्रकार से किया गया अंतरण निष्प्रभावी होंगा? उसके बाद भी उक्त भूमि पर धड़ल्ले से राजस्व विभाग के अधिकारियों सामने किया जा रहा है। पूर्व में हुई शिकायत में राजस्व अधिकारियों के द्वारा खसरा नंबर 428/3 रकबा 0.31 हे.पर शासन द्वारा भू-बंटन की भूमि है इसके कुछ हिस्से में व्यवसायिक दुकान का निर्माण किया गया है।

### जांच प्रतिवेदन के बाद भी किया गया दुकान निर्माण

जांच प्रतिवेदन में राजस्व निरीक्षक ने शासन द्वारा प्रदाय भूमि का उल्लेख किया है और पक्का मकान बनना 1380 वर्ग फीट में बन रहा है इसका भी उल्लेख अपने जांच रिपोर्ट में न्यायालय में पेश किया गया है ।उसके बाद भी व्यवसायिक दुकान निर्माण कार्य किया गया है। उस जांच प्रतिवेदन में राजस्व निरीक्षक के द्वारा स्पष्ट उल्लेख भी किया गया है कि ये भू आबंटित कृषि से भूमि है जो किसान को जीविकापार्जन हेतु प्रदान है इस पर जो मकान का निर्माण किया जा रहा है कृषि कार्य हेतु प्राप्त भूमि है कृषि कार्य भूमि के भिन्न प्रयोजन हेतु भूमि का प्रयोग किया जा रहा है एवं भिन्न प्रयोजन उपयोग हेतु कृषक के द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया है। इस जांच प्रतिवेदन के आधार से न्यायालय तहसीलदार खड़गवां में मामला क्रमांक 262 / 2022--2023 को मकान निर्माण कार्य पर स्थगन आदेश दिनांक 8.6.2023 को दिया गया था।

### तहसीलदार ने मात्र 16 दिन में हटाया स्थगन आदेश

उसके बाद खड़गवां तहसीलदार के द्वारा महज 16 दिनों में मामले से स्थगन आदेश हटा दिया गया वो भी अपने आदेश में ये कहते हुए की मकान का निर्माण कार्य किया जाना नहीं पाया गया है जबकि इस मामले में राजस्व निरीक्षक का जाच प्रतिवेदन एवं पंचनामा स्थगन आदेश आदि सभी दस्तावेज संलग्न होने के बाद न्यायालय तहसीलदार खड़गवां ने महज चंद दिनों में स्थगन आदेश हटा दिया गया जबकि जांच राजस्व निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन में किसी भी प्रकार के कोई अनुमति के दस्तावेज नहीं होने की पुष्टि होने के बाद भी इतनी जल्दी स्थगन का हटाया जाना अपने आप में एक सवाल खड़े कर रहा है ? प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान तैयार किया गया है जबकि उक्त भूमि पर व्यावसायिक दुकान निर्माण पूर्णतः भूमि पर प्रतिबंधित हैं।

# अंग्रेजी शराब से भरी ट्रक में लगी आग

## दलबल समेत मौके पर पहुँचे विधायक ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

-संवाददाता-
सीतापुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

बीती रात अंग्रेजी शराब लेकर जा रही ट्रक बेकाबू होकर शहीद भगत सिंह चौक को ठोकर मारते हुए श्रेया लॉज के पास बिजली के खंभे से जा टकराई। जिसके बाद हाई वोल्टेज की चपेट में आने से ट्रक में आग लग गई और ट्रक आग की लपटों से घिर गया। रिहायशी इलाके में देर रात हुई इस घटना से दहशत में आये लोग घरों से बाहर निकल आये। जिससे शहीद भगत सिंह चौक के पास अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। दमकल के अभाव में लोग बेबस और लाचार नजर आ रहे थे। इस घटना की खबर मिलते ही विधायक रामकुमार टोप्पो दलबल समेत मौके पर पहुँचे। जहाँ घण्टों मशक्कत के बाद विधायक एवं उनके साथियों ने आग पर काबू पाया। अंत में पुलिस की सूचना के बाद जब दमकल की गाड़ी पहुँची। तब ट्रक में लगी आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। जिसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात लगभग एक बजे शराब से भरी ट्रक क्र यूपी 84 टी 7551 बेकाबू होकर शहीद भगत सिंह चौक को ठोकर मारते हुए बिजली पोल से जा भिड़ी। इस दौरान ट्रक की चपेट में आकर लॉज के पास खड़ी एक चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया।





श्रेया लॉज के पास हुई इस भिड़ंत से ट्रक में आग लग गई और देखते भर में ट्रक तेज लपटों से घिर गया। ट्रक में शराब होने की वजह से आग विकराल रूप धारण कर लिया था।रिहायशी क्षेत्र में देर रात हुई इस घटना से दहशत में आये लोग लॉज एवं घरों से बाहर निकल आये। जिससे चौक पर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। दमकल एवं अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही होने से लोग बेवस होकर ट्रक को जलता देख रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस अंबिकापुर एवं पत्थलगांव में उच्चाधिकारियों से संपर्क कर दमकल उपलब्ध कराने की मांग की। दहशत में आये लोगो ने इस घटना से विधायक रामकुमार टोप्पो को भी अवगत करा दिया।जिसके बाद दलबल समेत विधायक मौके पर पहुँचे और नगर पंचायत के पानी टैंकर से आग बुझाने में भीड़ गए। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुँचती तब विधायक एवं उनके साथियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में लगी आग पर काबू पा लिया था।इसी बीच अंबिकापुर एवं पत्थलगांव से दमकल की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुँची। जिसके सहयोग से ट्रक में लगी आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। जब तक ट्रक में लगी आग नही बुझी थी तब तक विधायक लोगो के साथ मौके पर डटे हुए थे। अंत में जब पूरी तरह ट्रक में लगी आग बुझ गई तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली। घटना की सुबह पुलिस ने जली हुई ट्रक को मौके से हटाकर थाने के पास खड़ी करवा दिया है।

### नगर में दमकल वाहन की कमी खली

इस घटना के दौरान नगर में दमकल वाहन की कमी लोगो को खली। नगर पंचायत में दमकल वाहन की व्यवस्था कराने नगरवासियों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत समेत नगर पंचायत से कई बार मांग की।इसके बाद भी लोगो की मांग अनसुनी कर दी गई। देर रात हुई इस घटना में यदि नगर में दमकल वाहन होता तो आग पर जल्दी काबू पाया जा सकता था।

## इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने कवरेज करने स्वास्थ्य मंत्री के सामने हेलमेट लगा कर पहुंचे

-संवाददाता-
सूरजपुर,16 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



सूरजपुर में जब स्वास्थ्य मंत्री का आगमन हुआ तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने एक अनोखा विरोध दर्ज किया स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर उन्होंने हेलमेट लगाकर उनके पास पहुंचे, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में पत्रकार के ऊपर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मारपीट किया गया था जिससे आहत सूरजपुर के पत्रकारों ने स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर खबर कवरेज के दौरान अपनी सुरक्षा को लेकर हेलमेट पहनकर खबर कवरेज करते हुए अनोखा विरोध दर्ज कराया। पर वही इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और इस मामले से बचकर निकलते नजर आए।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल बिलासपुर,छत्तीसगढ़**

नि.आ.सू.क्रमांकः 04/सा./2023-24 बिलासपुर,दिनांक- 12.01.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

आनलाईन निविदायें कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. रा.रा. संभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.) के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 23.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| सरल क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | BITUMINOUS ROAD REPAIR IN KM 80.600 TO 110.000 UNDER BALRAMPUR DISTRICT ON AMBIKAPUR RAMANUJ-GANJ GARWA ROAD NH- 343. | रू.95.06 |

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन लोकनिर्माण विभाग के वेबसाई http://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 23/01/2024 तक क्रय की जा सकेगी। अन्य विवरण उपरोक्त वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

जी.नं.-07117/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग रा.रा.
मण्डल बिलासपुर,छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700089**
**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-गिरजा पाण्डेय**
**अनावेदक पक्षकार-कालिका प्रसाद,**

**ईश्तहार**

आवेदक गिरजा पाण्डेय प्रति स्व0 मार्गण्डे पाण्डेय, निवासी दर्रीपारा, अम्बिकापुर, तहसील, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 3583/1 में से रकबा 0.016 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/02/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202312020700184**
**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-अरविनद कु.श्रीवास्तव**
**अनावेदक पक्षकार-भगवती प्र.श्रीवास्तव**

**ईश्तहार**

आवेदक अरविनद कुमार श्रीवास्तव आ स्व0 भगवती प्रसाद श्रीवास्तव व अन्य निवासी ग्राम सनसिटी रोड शुभम विहार मंगला बिलासपुर,तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 40/184 रकबा 0.022 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 भगवती प्रसाद श्रीवास्तव का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/02/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/12/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700010**
**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**बकीरमा प.ह.न. 00053 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-बेलारूस लकड़ा,**
**अनावेदक पक्षकार-मतियास**

**ईश्तहार**

आवेदक बेलारूस लकड़ा आ0 स्व0 मतियास व अन्य, निवासी बकिरमा, तहसील अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0के द्वारा ग्राम बकिरमा स्थित खसरा नंबर 916/2, 925/2 रकबा क्रमशः 0.105, 0.081 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 मतियास का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700021**
**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**नवागढ़ प.ह.न. 0013 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-अरविन्द अखिलेश कु. ललिता आ0 कुन्ते शाति,सोनमति बेवा रघुनंदन**
**अनावेदक पक्षकार-अरविन्द अखिलेश कु. ललिता आ. कुन्ते शाति, सोनमति बेवा,रघुनंदन**

**ईश्तहार**

आवेदक तुलसी राजवाड़े आ0 रघुनंदन निवासी ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नवागढ स्थित खसरा नंबर 221/1 रकबा 0.324 हे0 भूमि का उभय पक्ष के मध्य 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202401020700012**
**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**अम्बिकापुर प.ह.न. 00015 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-अरूण कुमार पैकरा**
**अनावेदक पक्षकार-ललन सिंह,**

**ईश्तहार**

आवेदक अरूण कुमार पैकरा आ0 जागेश्वर पैकरा, निवासी ग्राम चारभाठा, तहसील धरघोड़ा, जिला रायगढ़ छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4368/5 रकबा 0.171 हे0 में से रकबा 0.026 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा.छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-20(3)/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेश बंसल आ धरम चंद बंसल एवं निलेश अग्रवाल/बसंल आ0 धरमचंद अग्रवाल दोनो जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंत लाल मार्ग विवेकानंद वार्ड क्रमांक 35 अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 एवं 01 अन्य के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला खजूरपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-08 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3042/2, 3050/1 रकबा क्रमशः 0.06, 0.04 एकड़ भूमि को अनावेदक आलोक दास आ0 स्व0 नीताई दास निवासी वार्ड नम्बर-35 विवेकानंद वार्ड खजूरपारा अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/02/2024 तक इस नयायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

CMYK

## द बेस्ट फीफा पुरस्कार 2023

# मेसी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

- हालैंड-एमबापे को हराया
- आइताना बोनमती बेस्ट विमेंस प्लेयर
- पेप ग्वार्डिओला बेस्ट कोच

**लंदन, 16 जनवरी 2024।** अर्जेंटीना के लियोनल मेसी ने फीफा के फुटबॉलर ऑफ द ईयर का



अवॉर्ड जीत लिया है। उन्हें पीएसजी और इंटर मियामी क्लब के साथ नेशनल टीम के लिए परफॉर्मेंस के आधार पर अवॉर्ड मिला। मेसी ने लगातार दूसरे साल यह अवॉर्ड जीता है।

स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉल ऑफ द ईयर बनीं। वह बार्सिलोना के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। वहीं मैनचेस्टर सिटी के पेप ग्वार्डिओला को बेस्ट कोच का अवॉर्ड मिला।

फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में मेसी के साथ नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड और फ्रांस के किलियन एमबापे भी थे। एमबापे को वोटिंग में 35 पॉइंट्स मिले और वह तीसरे नंबर पर रहे। हालैंड को मेसी के बराबर 48 पॉइंट्स ही मिले। टॉप पोजिशन टाई हो गई थी, तब टाई-ब्रेकर का इस्तेमाल किया गया। मेंस नेशनल टीम के 13 कप्तानों ने मेसी को वोट किया, जबकि हालैंड को 11 कप्तानों के ही वोट मिले। टाई-ब्रेकर में 2 पॉइंट से आगे रहने के कारण मेसी को विजेता माना गया और उन्होंने लगातार दूसरे साल फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया।

### बोनमती ने एकतरफा अंदाज में जीता अवॉर्ड



स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर बनीं। उन्हें वोटिंग में 52 पॉइंट्स मिले। कप्तान, कोच, मीडिया और फैंस सभी से उन्हें 13-13 पॉइंट्स मिले, जिस कारण वह पहले नंबर पर रहीं। बोनमती ने 2023 का विमेंस बैलन डीओर भी जीता था। फुटबॉल इंडस्ट्री में बैलन डी ओर सबसे बड़ा इंडिविजुअल अवॉर्ड माना जाता है।

विमेंस में कोलंबिया की लिंडा काइसेडो 40 पॉइंट्स के साथ दूसरे और स्पेन की ही जेनिफर हरमोसो 36 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। आइताना ने इसी साल बैलन डीओर, यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल और बेस्ट फीफा प्लेयर का अवॉर्ड जीता। वह एक ही साल में चारों अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं।

### गिलहर्म मद्रुगा का बाइसिकल किक गोल ऑफ द ईयर

ब्राजील के गिलहर्म मुद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। ये अवॉर्ड साल का बेस्ट गोल मारने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। मुद्रुगा ने 27 जून 2023 को पेनल्टी बॉक्स के बाहर से बाइसिकल किक के जरिए गोल मारा था। इसे फीफा ने गोल ऑफ द ईयर घोषित किया।

मिडफिल्डर मुद्रुगा ने सीरी-बी लीग में बोटाफोगो क्लब से खेलते हुए नोवोरिजोन्टिनो के खिलाफ गोल दागा था। गोल ऑफ द ईयर की रेस में पैराग्वे के जुलियो एन्सिको और पुर्तगाल के नुनो सांतोस भी थे। मद्रुगा पुस्कस अवॉर्ड जीतने वाले ब्राजील के तीसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले 2011 में नेमार और 2015 में वेंडेला लिरा भी इस अवॉर्ड को जीत चुके हैं।

### एडरसन और मैरी ईर्प्स बेस्ट गोलकीपर



ब्राजील के एडरसन ने मेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें 23 पॉइंट्स मिले। एडरसन मैनेचेस्टर सिटी क्लब के लिए भी गोलकीपिंग करते हैं। गोलकीपर कैटेगरी में बेल्जियम के थियाबॉट कर्टोइस 20 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं मोरक्को के यासिन बोनो ने 16 पॉइंट्स के साथ



तीसरा स्थान हासिल किया।

विमेंस गोलकीपर में इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स बेस्ट रहीं। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। दूसरे नंबर की कॉम्पिटिटर से मैरी 14 पॉइंट्स आगे रहीं, उन्हें 28 पॉइंट्स मिले। जबकि स्पेन की कैटलिना कॉल (14 पॉइंट्स) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की मैकेंजी आरनोल्ड (12 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं।

### पेप ग्वार्डिओला बेस्ट कोच



मैनेचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप ग्वार्डिओला ने फीफा के कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें 28 पॉइंट्स मिले और उन्होंने इटली के 2 कोच से आगे निकालकर पहला स्थान हासिल किया।

दूसरे नंबर पर लुसिआनो स्पालेटी (18 पॉइंट्स) और तीसरे नंबर पर सिमोन इन्जाघी (11 पॉइंट्स) रहे। स्पालेटी इटली के हेड कोच हैं, वहीं इन्जाघी सीरी-ए टीम में इंटर मिलान को मैनेज करते हैं।

### सरिना वीगमैन बेस्ट विमेंस कोच




नीदरलैंड की सरिना वीगमैन ने विमेंस कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। वह फिलहाल इंग्लैंड विमेंस टीम की कोच हैं। वीगमैन को वोटिंग में 28 पॉइंट्स मिले। इंग्लैंड की एमा हेस (18 पॉइंट्स) दूसरे और स्पेन की जोनाटन जिराल्डेज (14 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं।

### ह्यूगो डेनियल फैन ऑफ द ईयर



अर्जेंटीना के ह्यूगो डेनियल टोटो इनिगेज को फीफा फैन अवॉर्ड मिला। टोटो अपने 2 महीने के बेटे के साथ अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड पहुंचे थे। मैच के दौरान टोटो बेटे को बोतल से दूध पिलाते नजर आए थे। उनके सपोर्ट और इंस्पिरेशनल स्टोरी को फीफा ने बेस्ट फैन कैटेगरी का अवॉर्ड दिया। वहीं ब्राजील मेंस टीम को फेयर प्ले अवॉर्ड मिला।

### ब्राजील की मार्टा को स्पेशल अवॉर्ड



ब्राजील की मार्टा को फीफा का स्पेशल अवॉर्ड मिला। मार्टा ने ब्राजील के लिए 175 मैच में 115 गोल किए थे। उनके करियर अचीवमेंट्स को एसोसिएशन ने स्पेशल माना और 2025 से उनके नाम पर ही मार्टा अवॉर्ड दिया जाएगा। विमेंस फुटबॉल में बेस्ट गोल करने वाली खिलाड़ी को ये अवॉर्ड मिलेगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दीप्ति शर्मा को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ खिताब से नवाजा गया

**नई दिल्ली, 16 जनवरी 2024।** भारतीय स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को दिसंबर 2023 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें ये खिताब दिलाया। इंग्लैंड पर टेस्ट जीत में, नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति ने अहम भूमिका निभाते हुए 67 रन बनाए और गेंद से 7 रन पर 5 विकेट और 32 रन पर 4 विकेट झटके। पिछले साल दिसंबर के महीने में दीप्ति ने 2 टेस्ट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। इन 2 मुकाबलों में इस खिलाड़ी ने 55 की शानदार औसत के साथ 165 रन बनाए थे। वहीं 10.81 की शानदार औसत के साथ 11 विकेट



भी झटके थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीप्ति ने दूसरे वनडे में 5 विकेट हॉल भी लिए थे। दीप्ति के अलावा जेमिमा रोड्रिगेज और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम की प्रेशियस मरांज भी नामांकित हुई थीं।

## सुमित नागल ने शुरुआती दौर में वर्ल्ड नंबर 27 बुबलिक को हराया

**मेलबर्न, 16 जनवरी 2024।** कौशल और दृढ़ संकल्प के शानदार प्रदर्शन से, सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक पर लगातार सेटों में जीत दर्ज कर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी,जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। अलेक्जेंडर बुबलिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137 वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और 6-4, 6-2, 7-6 (6-1) की जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में पहले दौर के बाद उनकी दूसरी उपस्थिति भी दर्ज की। उनकी पिछली उपलब्धि 2020 यूएस ओपन में आई थी जब उन्होंने अंतिम चैंपियन



डोमिनिक थिएम का सामना करने से पहले ब्रैडली क्लैन को हराया था।

नागल की जीत का महत्व उनकी उपलब्धियों से कहीं अधिक है, क्योंकि 1988 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर पर रमेश कृष्णन की जीत के बाद वह 36 वर्षों में ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए।

बुबलिक के खिलाफ नागल के शानदार प्रदर्शन ने उच्च जोखिम वाले मैचों के दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। बुबलिक के विश्व रैंकिंग में 27वें नंबर पर होने के बावजूद, नागल ने पहले और दूसरे सेट में शुरुआत में ही ब्रेक लेते हुए दबदबा बनाए रखा। तीसरे सेट में ड्रामा देखने को मिला और बुबलिक ने वापसी करते हुए टाई-ब्रेकर का सहारा लिया। हालाँकि, नागल ने संयम बनाए रखा और अंततः अपने प्रतिद्वंद्वी के डबल फाल्ट के बाद जीत हासिल की।

आगे देखते हुए, नागल की अगली चुनौती चीनी वाइल्डकार्ड जुनचेंग शांग और मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के बीच विजेता के रूप में इंतजार कर रही है, वह खिलाड़ी जिसने पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में राफेल नडाल को हराया था।

## भारत के एशियाई कप अभियान पर सुनील छेत्री ने कही ये बात

**अल रेयान, 16 जनवरी 2024।** अल रेयान में एशियाई कप में उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत के आगामी मैच से पहले ,ब्लू टाइगर्स के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि ये मैच कठिन होंगे क्योंकि वे इस तरह खेलने के आदी नहीं हैं। टीमें. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ( एआईएफएफ ) के साथ एक साक्षात्कार में बोलते हुए छेत्री ने कहा कि इस तरह के खेल खेलने के फायदे और नुकसान दोनों हैं। इस खेल के अपने फायदे और नुकसान हैं। एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से खेलना आसान नहीं है।हम इस तरह की टीमों से खेलने के आदी नहीं हैं, क्योंकि हम उनके खिलाफ अक्सर नहीं खेलते हैं, इसलिए आप कभी नहीं जानते कि क्या उम्मीद की जाए। छेत्री ने इंडिया एन सुपर लीग (आईएसएल) की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि ब्लू टाइगर्स ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले गेम के वीडियो देखने के बाद अधिक आत्मविश्वास हासिल करेंगे । उन्होंने आगे कहा कि इससे उन्हें अपनी गलतियां



सुधारने में मदद मिलेगी. कप्तान ने कहा, फिलहाल यह भावनाओं का एक मिश्रित थैला है। एक बार जब हम वीडियो देखेंगे, तो शायद हम अधिक आत्मविश्वास हासिल करेंगे और उन चीजों पर काम करेंगे जिन्हें हम बेहतर कर सकते थे।

टूर्नामेंट के आगामी मैच के बारे में बात करते हुए, उन्होंने उज्बेकिस्तान की प्रशंसा की और कहा कि वे एक अच्छी टीम हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि ब्लू टाइगर्स के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी.। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, ÷ उज़्बेकिस्तान ऑस्ट्रेलिया नहीं है , लेकिन फिर भी वे एक अच्छी टीम हैं।

## जर्मनी ने चेक गणराज्य को 10-0 से रौंदा

**रांची, 16 जनवरी 2024।** पूल ए मैच में जापान द्वारा अपनी टीम को 1-1 से रोकने के बाद मैदान से बाहर निकलते ही जर्मनी के मुख्य कोच वैलेन्टिन अल्टरबर्ग ने कहा कि उनकी टीम को सीखना होगा कि बेहतर कैसे किया जाए। टीमों की रक्षा क्षमता मजबूत है क्योंकि उन्हें यहां एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के बाद के मैचों में ऐसे और अधिक विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।



उस मैच से सबक लेते हुए जर्मनी ने मंगलवार को यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में चेक गणराज्य को 10-0 से हराने की बेहतर योजना बनाई। रविवार को चिली की 6-0 की जीत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए यह इस प्रतियोगिता में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। यह जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

शुरुआत में स्क्रिप्ट जर्मनी के पिछले मुकाबले की तरह लग रही थी जिसमें 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान ने पहले हाफ में अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा था और उन्हें विफल करने के लिए मजबूती से बचाव किया था। जर्मनी के गोल करने के बाद जूड मेनेजेस की टीम ने आक्रमण शुरू कर दिया और न केवल स्कोर बराबर कर लिया, बल्कि बाकी मैच में भी दबदबा बनाए रखा और लगभग विजेता ही बना।

इसलिए मंगलवार को जब अपने अंतिम पूल ए लीग मैच के पहले क्वार्टर में चेक गणराज्य ने उन्हें हावी होने, कई मौके बनाने और चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बावजूद गोल रहित रोक दिया, तो अल्टरबर्ग को डेजा वू और डर का अहसास हुआ होगा। जापान टकराव की पटकथा एक बार फिर सामने आ रही थी। जर्मनी ने दूसरे क्वार्टर में दो बार गोल करके पहले हाफ की समाप्ति पर 2-0 की बढ़त बना ली। फिर तीसरे और चौथे क्वार्टर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए आठ गोल किए और अपने गोल अंतर में काफी सुधार किया।

## टी 10 लीग के आयोजन के लिये पीसीबी ने मंत्रालय से मंजूरी मांगी

**कराची, 16 जनवरी 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस महीने के आखिर में एक टी10 लीग के आयोजन के लिये खेल मंत्रालय से अनुमति मांगी है। दूसरी लीगों में खेल रहे खिलाड़ियों की उपलब्धता एक मसला हो सकती है। वहीं पूर्व खिलाड़ी इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन के पक्ष में नहीं हैं। एक सूत्र ने बताया ,'' बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति 24 से 28 जनवरी तक टी10 लीग कराना चाहती है। वह यह भी चाहती है कि सारे



अनुबंधित खिलाड़ी इसमें भाग लें। मसला यह है कि कुछ खिलाड़ी यूएई में अमीरात इंटरनेशनल टी20 लीग खेलने वाले हैं और कुछ बांग्लादेश प्रीमियर लीग खेलेंगे।'' कई पूर्व क्रिकेटरों ने इस तरह की लीग के आयोजन पर सवाल किये हैं चूंकि 18 फरवरी से लाहौर में पाकिस्तान सुपर लीग होने ही वाली है। पूर्व टेस्ट स्पिनर इकबाल कासिम ने कहा ,'' टी 10 लीग की क्या जरूरत है। वैसे ही टी 20 क्रिकेट ने खिलाड़ियों का प्रदर्शन खराब करके रखा है।'' पूर्व टेस्ट खिलाड़ी मोहसिन खान ने कहा ,'' पहले ही खिलाड़ी सिर्फ टी 20 क्रिकेट खेलना चाहते हैं और ऐसे में टी 10 को बढावा देने से दिक्कतें और बढ जायेगी।

## क्लासेन ने जेएसके के खिलाफ कम स्कोर वाले मुकाबले में डरबन सुपर जाइंट्स को 37 रनों से जीत दिलाई

**डरबन, 16 जनवरी 2024।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने अपनी टीम डरबन सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को कम स्कोर वाले मैच में जोबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) पर 37 रन से जीत दिलाई। विकेटकीपर तब बल्लेबाजी करने आया जब डीएसजी 34/4 पर संघर्ष कर रहा था। डीएसजी पारी के आखिरी ओवर में लिज़ाद विलियम्स की गेंद पर आउट होने से पहले 32 वर्षीय खिलाड़ी ने 41 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 64 रन बनाए।



क्लासेन को खेल में उनके मैच विजेता प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से सम्मानित किया गया। मैच के बाद बोलते हुए, प्रिटोरिया में जन्मे क्रिकेटर ने पिच की स्थिति और खिलाड़ियों की फिटनेस के बारे में बात की।÷विकेट थोड़ा ऊपर-नीचे था, मुझे पुराने ढर्रे पर चलना पड़ा, अपने रनों के लिए ग्राफ्ट करना पड़ा और क्विनी को आज गर्व होगा, जब हम एक साथ बल्लेबाजी करते हैं तो वह गाली देते हुए कहते हैं कि उन्हें अधिक मेहनत करनी होगी। रन बनाने के विभिन्न तरीके प्रति ओवर 8 रन, 2 रन जिसके लिए फिटनेस की आवश्यकता होती है। फिर आप एक अनुकूल मैचअप वाला गेंदबाज चुनते हैं। इस प्रतियोगिता से पहले मैंने जो कड़ी मेहनत की है। मेरा गेम प्लान और मेरा बल्ला स्विंग। मेरा मानसिक खेल भी, मैं रहा हूं क्लासेन ने कहा, जमीन पर अपने पैर रखकर विनम्र रहना।

मैच की बात करें तो जेएसके के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए. डु प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम के लिए गेंदबाज की पसंद विलियम्स थे जिन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में चार विकेट लिए, जहां उन्होंने अपने स्पेल में 26 रन दिए। मोईन अली, नांद्रे बर्गर, इमरान ताहिर और रोमारियो शेफर्ड ने अपने-अपने स्पैल में एक-एक विकेट लिया।



## अदिवि शेष ने जी 2 के सेट से घावों के निशान वाली बीटीएस तस्वीर साझा की

अभिनेता अदिवि शेष,जो अपनी फिल्म मेजर के लिए जाने जाते हैं, ने अपनी आगामी फिल्म जी2 से पर्दे के पीछे का एक लुक (बीटीएस) साझा किया है।अभिनेता ने एक्स पर एक आकर्षक मिरर सेल्फी साझा की, जिसमें उनके चेहरे पर चोट के निशान दिख रहे हैं । उन्होंने कैप्शन में लिखा, शूट लाइफ 2 दिन पहले। गुडाचारी की जबरदस्त सफलता के बाद अदिवि शेष फिल्म के सिक्वल में व्यस्त हैं। बीटीएस छवि ने बढ़े हुए रहस्य और रोमांच के लिए मंच तैयार कर दिया है, जो बहुमुखी अभिनेता के लिए एक नए और दिलचस्प अवतार की ओर इशारा करता है।

अदिवि ने पिछले महीने हैदराबाद में अपनी अगली एक्शन स्पाई थ्रिलर गुडाचारी 2 (जी2) की शूटिंग शुरू की। यह एक जासूसी थ्रिलर है, जिसमें प्रमुख महिला किरदार के रूप में बनिता संधू भी हैं। यह सफल फिल्म गुडाचारी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। यह एक जासूस की कहानी बताती है, जो भारत के बाहर अपने देश के लिए लड़ने के मिशन पर है।इससे पहले, कुरकुरा सूट पहने मेजर अभिनेता अदिवि ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। उन्होंने लिखा...यह शुरू हुआ है। मैसिव। दिस इज हाउ वी डू इट। उन्होंने क्लैपबोर्ड की तस्वीर भी शेयर की।फिल्म का निर्माण पीपुल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और एके एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले टी.जी. विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया गया है और इसका निर्देशन विनय कुमार सिरिगिनेडी ने किया है।

## रश्मिका मंदाना ने फिटनेस गोल्स किए सेट,कहा-स्ट्रेचिंग करना न भूलें



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपने वर्कआउट की एक तस्वीर साझा की और कहा कि किसी को स्ट्रेचिंग करना नहीं भूलना चाहिए।फोटो शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्ट्राग्राम पर रश्मिका के 41.1 मिलियन फॉलोअर्स है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिम में वर्कआउट करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने ब्लैक कलर की टी शर्ट और रेड शॉर्ट्स पहने हुए है।फोटो को कैप्शन दिया गया- स्ट्रेच करना न भूलें!! यह आपके शरीर के लिए अच्छा है! गुड मॉर्निंग सभी कोवर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें अब से पहले एनिमल में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर रणविजय सिंह और अजीज हक की दोहरी भूमिका में थे।उनकी अगली फिल्म पुष्पा 2: द रूल, रेनबो और द गर्लफ्रेंड है।

## संक्षिप्त खबरें

### आज फिर होगी विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक



**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिपरिषद की कल (17 जनवरी) को बैठक रखी गई है। यह बैठक मंत्रालय में शाम 5 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होगी। 3 जनवरी के बाद से यह तीसरी और इस सरकार की पांचवीं कैबिनेट मिटिंग होगी। 17 जनवरी को होने वाली राज्य कैबिनेट के बैठक का एजेड़ा अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभागीय बजटों पर चर्चा होनी है।

### छत्तीसगढ़ कैडर को मिले 5 नए आईपीएस अफसर



**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 बैच के लिए चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर अलाट कर दिया है। इस बार दो सौ अफसर सलेक्ट हुए हैं। इनमें से छत्तीसगढ़ को मिले 5 आईपीएस अफसर मिले हैं। जिनमें से एक बिलासपुर के अभिषेक चतुर्वेदी गृह राज्य छत्तीसगढ़ मूल के हैं। बाकी चार अन्य राज्यों के हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के लिए चयनित हुए बाकी अफसर जल्द ही ड्यूटी ज्वाइन करेंगे।

बता दें कि अभिषेक चतुर्वेदी बिलासपुर के ही रहने वाले है। उनके पिता विनय चतुर्वेदी बिलासपुर रेलवे जोन आफिस में आफिसर हैं। अभिषेक ने बिलासपुर से अपनी 12 वीं तक की शिक्षा डीपीएस से 2014 में पूर्ण करके चेन्नई से बीटेक की शिक्षा ग्रहण करके दिल्ली से यूपीएससी की तैयारी की और 2022 की परीक्षा में भाग लिया। 2023 को रिजल्ट आने के बाद अभिषेक को आईपीएस केडर मिला।

# साय सरकार पर 2000 करोड़ का कर्ज

## विष्णुदेव साय सरकार को कितना देना पड़ेगा ब्याज

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** प्रदेश की करीब महीनेभर पुरानी विष्णुदेव साय सरकार ने पहली बार 2 हजार करोड़ का कर्ज लिया है। सरकार ने 1000-1000 करोड़ के दो पार्ट में यह कर्ज 8 और 9 साल के लिए लिया है। सरकार को यह पैसा क्रमशः 7.68 और 7.67 प्रतिशत ब्याज पर मिला है।

अफसरों ने बताया कि वित्त विभाग ने 2 हजार करोड़ के कर्ज के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) में आवेदन किया था। आरबीआई ने छत्ते तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से मिले कर्ज के आवेदन पर बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव मांगा था। बैंकों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर आज इसे अंतिम रुप दिया गया है।




छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कर्ज बड़ा मुद्दा रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की नई भाजपा सरकार को कर्ज का बड़ा बोझ विरासत में मिला है। दिसंबर में हुए राज्े य विधानसभा के पहले सत्र के दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने बताया था कि राज्य सरकार पर 91 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। इसमें करीब 50 हजार करोड़ का कर्ज 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस ने ली है।

### राज्य का कर्ज लेना सामान्य प्रक्रिया

वित्त विभाग के अफसरों और जानकारों के अनुसार किसी भी सरकार का इस तरह से कर्ज लेना एक सामान्य प्रक्रिया है। नियमानुसार कोई भी राज्य सरकार प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अपनी जीडीपी की तुलना में 2 प्रतिशत तक कर्ज ले सकती है। छत्तीसगढ़ में कर्ज का बोझ बढ़ने के बावजूद यह वित्तीय अनुशासन बना हुआ है। 23 साल में कभी भी किसी भी सरकार ने इस सीमा को नहीं लांघा है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ताओं समेत जंबो पैनल लॉयर की घोषणा



**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** राज्य सरकार के विधि विभाग ने छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महाधिवक्ता समेत पूरी टीम की नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी इस टीम में 64 अधिवक्ता शामिल हैं। इनमें अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता, उप शासकीय अधिवक्ता और पेनल लायर शामिल है।

# नक्सलियों के लिए खुला बातचीत का रास्ता

## मैं नक्सलियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से बात करने तैयार हूं:गृहमंत्री



**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के लिए बातचीत का रास्ता खोल दिया है। शर्मा ने कहा कि यदि वो सामने नहीं आना चाहते है तो वीडियो कांफ्रेंसिंग से बातचीत की पहल की है।आज उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने डायल 112 सेटअप का निरीक्षण किया। इस दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, माओवादी सामने नहीं आना चाहते तो मैं वीडियो कॉल से बात करने तैयार हूं। माओवादियों ने विकास क्यों रोक कर रखा है। माओवाद क्षेत्र के लोग भी फिल्मों में हीरो बनना चाहते हैं।मंत्री शर्मा ने कहा,जवानों की सुरक्षा पहली प्राथमिक्ता है। डायल 112 अच्छा काम कर रहा है। सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। बता दें कि सिविल लाइन थाना परिसर में सी 4 बिल्डिंग में डायल 112 का सेटअप है।मंत्री के निरीक्षण के दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा, गृह सचिव मनोज पिंगवा, एडीजी प्रदीप गुप्ता समेत पुलिस के आलाधिकारी मौजूद रहे।



## निश्चित तौर पर पूरी कांग्रेस अयोध्या जाएगी

### राम मंदिर जाने से इनकार के बाद गरमाई रानीति

**रायपुर,16जनवरी2024(ए)।** कांग्रेस आलाकमान ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने के बाद राम मंदिर जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद से ही लगातार सियासत गरमाई हुई है।कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने अपने बयान में कहा कि,जब हमारा मन होगा तब हम रामलला के दर्शन करने के लिए जाएंगे। निश्चित तौर पर पूरी कांग्रेस अयोध्या जाएगी। जब हमारे राम आयेंगे तो सभी दर्शन करने जाएंगे।22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में खुशी और उत्सव का माहौल है। सांसद रंजीत रंजन ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि, भगवान राम पर हम सभी की श्रद्धा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में खुशी का माहौल है।



## राजस्व मंत्री अधिकारियों पर हुए सख्त

### अवैध कॉलोनी एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल लगाएं रोक

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जिले के विभिन्न विभागों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।





इस बैठक में टंकराम वर्मा ने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं उसके प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के सभी लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने को कहा। वर्मा ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधा दुरूस्त करने के लिए सीएचएमओ एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिए। जिले में अवैध शराब विक्रय, सट्टा एवं नशाखोरी पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को भी दिए। उन्होंने लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

## ईडी ने रानू साहू-सौम्या चौरसिया पर और कसा शिकंजा

**» मामले में जेल में निरुद्ध दस आरोपियों पर पूरक आरोप-पत्र पेश करेगी ईडी**

**रायपुर,16जनवरी 2024(ए)।** कोल घोटाले मामले में निलंबित और वर्तमान में जेल में निरुद्ध आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया व अन्य आरोपियों परईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने अपना शिकंजा कसना और तेज कर दिया है। मामले में ईडी पूरक आरोप पत्र पेश करने की तैयारी में जुटी हुई है।

जानकार सूत्रों के अनुसार पूरक आरोपपत्र में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय,कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल,विनोद तिवारी समेत अन्य के नाम भी शामिल करने की चर्चा है। ईडी सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी की टीम की महिला अधिकारियों ने महिला जेल प्रकोष्ठ में बंद



रानू साहू और सौम्या चौरसिया से दो दिन तक लगातार अलग-अलग पूछताछ की है। दोनों से प्रतिवर्ष डीएमएफ फंड से अर्जित रकम और खर्च की गई राशि का ब्यौरा लिया गया है। महिला जेल में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया के बीच विवाद और मारपीट की घटना होने की चर्चा है। जेल सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच तनाव को देखते हुए उन्हें महिला जेल के अलग-अलग सेल में रखा गया है। सूत्रों के अनुसार कोयला घोटाला मामले में ईडी के हाथ लगी एक डायरी ने घोटाले से जुड़े कई राज खोले हैं। बताया जा रहा है कि डायरी में कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता का नाम है। जांच एजेंसी कांग्रेस नेता की भूमिका के बारे में जानकारी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि ईडी ने उनके घर पर नोटिस भी चस्पा किया है।

# प्राण-प्रतिष्ठा मुद्दे पर कालीचरण महराज का एक और विवादित बयान

## प्राण प्रतिष्ठ में शामिल नहीं होने के लिए शंकराचार्यों को कहा- महान कार्य में विघ्न डाल रहे

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कालीचरण ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे अस्मिता का केंद्र राम मंदिर हमें वापस मिल गया है। सभी हिंदुओं से आह्वान कर रहे हैं कि वे उत्सव मनाएं.। वहीं शंकराचार्यों के अयोध्या न जाने को लेकर कालीचरण का विवादित बयान सामने आया है।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक चरण एक पूर्णता ही है। कदम कदम बढ़ाकर मंजलि तक पहुंच जाएंगे। एक मंदिर निर्माण होना भी हमारे लिए स्वप्न था। आशा ही नहीं थी कि राम मंदिर बनेगा। लेकिन अभी के यूपी और भारत के राजा ने बना दिया.। हमारा स्वप्न साकार हो गया. पहले जगह भी तो हिंदुओं के पास नहीं थी। सभी साधुओं से आह्वान करता हूं अपने अहंकार को छोड़े और राजा का साथ देवें.। ढाई हजार साल बाद राजा सम्राट के बाद हमें राजा मिले है। अयोध्या तो झांकी है काशी मथुरा और 5 लाख मंदिर बाकी है. इसलिए सारे हिन्दू साथ दें।

कालीचरण ने आगे कहा कि साधु संत अहंकार को चूल्हे में डालें और जो राजा हिंदुत्व का काम कर रहा है उसका साथ दें.। हो सकता है शंकराचार्य अपने-अपने अहंकार सीधे करने की कोशिश में हों। अहंकार के सामने भगवान भी दुय्यम हो जाते हैं। सेक्स और अहंकार में लोग अटकते हैं। उन्होंने सेक्स छोड़ दिया अहंकार में अटक गए हैं। दोनों जिससे छूटे वो महापुरुष है। महान कार्य में अपनी सड़ी हुई बातों से विघ्न डाल रहे हैं।

### जिन्होंने राम का विरोध किया वो राक्षस हैं:कालीचरण

कांग्रेस के अयोध्या न जाने को लेकर उन्होंने कांग्रेस को राक्षस बताते हुए कहा कि भूत पिशाच निकट नहीं आवे महावीर जब नाम सुनावें। राम का जिन्होंने विरोध किया वो कैसे जाएंगे। जिन्होंने राम का ही विरोध कर दिया वो राक्षस हैं। राक्षस कैसे जाएंगे. भगवान के पास राक्षस जा नहीं सकते जहां हनुमान जी हैं।

### रघुपति राघव राजा राम,देश बचा गए नाथूराम:कालीचरण

महात्मा गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी करने के बाद सुर्खियों में आए कालीचरण ने अब नाथूराम गोडसे को लेकर भी एक बयान दिया है। उन्होंने नाथूराम गोडसे को फिर से कोटि-कोटि नमस्कार किया और कहा कि रघुपति राघव राजा राम, देश बचा गए नाथूराम।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नई सरकार के बजट को लेकर कही बड़ी बात



### छत्तीसगढ़ के भविष्य का होगा रोड मैप

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार अपना पहला बजट प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। इस बजट को लेकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इस बार के बजट में छत्तीसगढ़ के भविष्य का रोड मैप होगा। ओपी चौधरी ने कहा कि भारत 2047 में विकसित भारत बनने जा रहा है, उसे विकसित छत्तीसगढ़ में कैसे परिवर्तित करें, उसकी तैयारी करेंगे। देश के 5 ट्रिलियन और 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में छत्तीसगढ़ की योगदान तय करेंगे। पूरी प्रक्रिया में मोदी की गारंटी के तहत सीएम के नेतृत्व में पूरा करेंगे।

छत्तीसगढ़ की षष्ठम् विधान सभा का द्वितीय सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा। 1 मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी. सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण के अलावा वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य सम्पादित किए जाएंगे।

## गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह आध्यात्मिक गुरू और दार्शनिक होने के साथ निडर योद्धा भी थे। मुख्यमंत्री साय ने सिखों के 10 वें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोविन्द सिंह जी की 17 जनवरी को जयंती के अवसर पर सिख समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। उनके जीवन का दर्शन था, धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है। गुरू गोविंद सिंह की जयंती देशभर में श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई जाती है।



## सहकारिता विभाग के राजपत्रित अधिकारियों के पदनाम में किया गया संशोधन




### किस पदनाम से किया जायेगा संबोधन

**रायपुर,16 जनवरी 2024(ए)।** राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के राजपत्रित अधिकारियों के पदनामों में संशोधन किया गया है। संशोधित पदनाम 'आयुक्त' का उपयोग केवल प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाएगा तथा सहकारिता अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यों के लिए 'पंजीयक' पदनाम का ही उपयोग किया जाएगा। सहकारिता विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।सहकारिता विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार संशोधित पदनाम इस प्रकार रहेंगे। पंजीयक (भा.प्र.से) का संशोधित पदनाम आयुक्त (भा.प्र.से) सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं किया गया है। इसी प्रकार संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, का संशोधित पदनाम संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए और सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं किया गया है।

## 1 करोड़ 60 लाख की नशीली टेबलेट और कप सिरप जब्त



**दुर्ग,16 जनवरी 2024(ए)।** दुर्ग पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। अंतरराज्यीय नशीली दवाइयों की सप्लाई चैन पर राजस्थान के कोटा, बुन्दी, जयपुर में दुर्ग पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने 1 करोड़ 60 लाख 44 हजार रुपये से भी अधिक की नशीली टेबलेट और कप सिरप जब्त किया है। नशीली दवाइयों की अंतराष्ट्रीय मार्केट में भी सप्लाई हो रही थी। डार्क वेब के माध्यम से आरोपी जुड़े थे। इस मामले में पुलिस ने तिरूपति विहार देवपुरा जिला बुंदी राजस्थान अंकुश पॉलीवाल को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूखे नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दुर्ग एसपी राम गोपाल गर्ग निर्देशन में दुर्ग पुलिस ने एनडीपीएस के हर एक अपराध में पूरी चैन को गिरफ्तार करने की मुहीम चलाई जा रही है। इसके तहत दुर्ग जिले के थाना मोहन नगर ने नारकोटिक एक्ट में विवेचना और राजस्थान जाकर आरोपी की पतासाजी की गई। जहाँ मोहन नगर थाने की विशेष टीम राजस्थान के बुन्दी में बॉयोलैब रेमेडिस के संचालक अंकुश पालीवाल तक पहुंची। पुलिस को पता चला कि अंकुश पालीवाल ने पूरे देश के विभिन्न राज्यों और अंतराष्ट्रीय मार्केट बांग्लादेश में ऑनलाइन माध्यम से फर्जी कम्पनियों को नशीली दवाइयां सप्लाई कर रहा था। जिसके बाद दुर्ग पुलिस ने दबिश दी और अंकुश पालीवाल को गिरफ्तार किया।

# जवानों ने नक्सलियों के हथियार बनाने के कारखाने को किया ध्वस्त

### नारायणपुर-कांकेर बॉर्डर में नक्सली बना रहे थे हथियार

**रायपुर,16 जनवरी 2024 (ए)।** जवानों ने नक्सलियों के हथियार बनाने के कारखाना को ध्वस्त कर दिया है, जो कि टेकमेटा और कोंगे के जंगलों में था। नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ की बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि दोनों जिलों की संयुक्त कार्रवाई में जवानों को बड़ी सफलता हासिल हुई है।वहीं नक्सलियों के अड्डों से जवानों ने मौके पर भारी मात्रा में जिंदा देशी रॉकेट लांचर बरामद किया गया। वहीं दैनिक इस्तेमाल के सामान भी जब्त किए गए। कई नक्सलियों के मारे जाने की आशंका भी जताई जा रही है। इलाके में जारी सर्चिंग को लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)